डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

सभी देश वासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनायें

# रॉयल पत्रिका

मुस्लिम रिश्तों और नौकरियों के लिए पढ़े पेज 5

वर्ष :19 | अंक : 29 | पेज: 8 | जयपुर, सोमवार, 19 अगस्त से 25 अगस्त 2024 | साप्ताहिक | मूल्य: 5 रुपए

## ढाकेश्वरी मंदिर पहुंचे कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस


### -मोहम्मद यूनुस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया

ढाका। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा रोकने के प्रयास करते हुए अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने मंगलवार को राजधानी ढाका में ढाकेश्वरी मंदिर पहुंचकर हिंदू समुदाय के लोगों से बातचीत की। ढाकेश्वरी मंदिर बांग्लादेश के सबसे पवित्र शक्तिपीठों और सबसे बड़े हिंदू मंदिरों में से एक है।

ढाकेश्वरी मंदिर में मोहम्मद यूनुस ने हिंदुओं से देश की स्थिति को सामान्य करने के लिए सहयोग मांगा और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश पर सभी का समान अधिकार है। हमारे बीच कोई भेदभाव ना करें। उन्होंने कहा कि यह समय देश को संकट से बाहर निकलने का है। बंटने का नहीं, बल्कि साथ रहने का है। सभी को धैर्य और संयम का पालन करना होगा। हम ऐसा बांग्लादेश बनाना चाहते हैं, जहां सभी एक परिवार जैसे रहें।

टेलीफोन पर पीएम मोदी से बात - बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी से बातचीत की और उन्हें अपने देश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया। पीएमओ के बयान के मुताबिक दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रिश्तों को संबंधित राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप आगे ले जाने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी ने एक पोस्ट में कहा कि बांग्लादेश की सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने फोन किया था। लोकतांत्रिक,





स्थिर, शांतिपूर्ण बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में 4 नए सलाहकार शामिल किए गए हैं।

भारत में हिंदू संगठनों का मार्च - बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के बीच प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़कर भागना पड़ा और भारत में शरण लेनी पड़ी। इसी बीच बांग्लादेश के कुछ धार्मिक संगठनों ने अल्पसंख्यक हिंदुओं के मंदिरों और घरों पर हमले किए और जान माल का नुकसान किया। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचार को लेकर शुक्रवार को भारत देश के हिंदू संगठनों ने जयपुर सहित देश के सैंकड़ों शहरों में रैलियां निकाली और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बांग्लादेश में हस्तक्षेप करके हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को रुकवाने की अपील की।

## नई हज पॉलिसी जारी, सरकारी कोटा घटाया

*-केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलात विभाग ने जारी की पॉलिसी*
*-65 साल तक के आवेदक जा सकेंगे हज पर*
*-खादिमुल-हुज्जाज का नाम बदलकर किया राज्य हज इंस्पेक्टर*
*-9 सितम्बर तक भरे जाएंगे हज आवेदन*

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलात विभाग ने अगले वर्ष प्रस्तावित हज यात्रा के लिए नई हज पॉलिसी जारी कर दी है। इसमें सबसे बड़ा बदलाव उम्र को लेकर किया है।

इसके अनुसार रिजर्व कैटेगरी में अब 70 के स्थान पर 65 वर्ष तक के आवेदक हज यात्रा के लिए पात्र होंगे।

पॉलिसी में सरकारी कोटा घटाकर 80 के बजाय 70 प्रतिशत किया। प्राइवेट ट्यूर ऑपरेटर का कोटा 20 से बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर दिया है। इसके अलावा हज यात्रियों की खिदमत में जाने वाले खादिमुल-हुज्जाज का नाम बदलकर राज्य हज इंस्पेक्टर कर दिया है। इनके कोटे में भी बढ़ोतरी की गई है। पहले 200 यात्रियों पर एक खादिमुल-हुज्जाज का चयन होता था, अब 150 पर ही एक राज्य



हज इंस्पेक्टर भेजा जाएगा।

हज-2025 के लिए आवेदन शुरू कर गए है आवेदन 9 सितम्बर तक किए जा सकते है। पासपोर्ट की वैधता 25 जनवरी, 2026 तक होना अनिवार्य है। यह जानकारी राजस्थान स्टेट हज कमेटी के ई.ओ. महमूद खान ने दी है।

**हज आवेदन 9 सितंबर तक एवं आवश्यक दस्तावेज -**

हज 2025 में जाने वाले हज यात्रियों के लिए हज आवेदन 13 अगस्त से शुरू हो गए हैं। हज आवेदन 9 सितंबर, 2024 तक भरे जाएंगे। हज आवेदन भरने के लिए विभिन्न दस्तावेजों की जरूरत होती है जो इस प्रकार हैं-

1 पासपोर्ट (जिसकी वैधता 15 जनवरी 2026 तक हो)
2 आधार कार्ड
3 ब्लड ग्रुप
4 कैंसिल चेक या पासबुक फोटो कॉपी
5 मोबाइल नंबर
6 नॉमिनी का नाम और एड्रेस और मोबाइल नंबर
7 पासपोर्ट साइज फोटो (जिसका बैकग्राउंड सफेद हो)

नोट :- हज-2025 के आवेदन फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 9 सितंबर 2025 तक है

### हज यात्रा के खर्चे में कमी होनी चाहिए-हाजी निज़ाम



राजस्थान हज वेलफेयर सोसाइटी के महासचिव हाजी निजामुद्दीन ने कहा कि हज पॉलिसी में कुछ प्रावधान अच्छे हैं। उन्होंने कहा कि 150 हज यात्रियों पर एक खादीमुल हुज्जाज इंस्पेक्टर के चयन से हज यात्रियों का सफर आसान होगा। हाजी निजामुद्दीन ने कहा कि हज 2025 की हाजी यात्रा के खर्चे में कमी होनी चाहिए, अभी हज यात्रा का खर्चा आम मुसलमान के लिए ज्यादा है। इसके लिए हाजी निजामुद्दीन ने केंद्रीय अल्पसंख्यक विभाग को पत्र भी लिखा है। साथ ही हाजी निजामुद्दीन ने मांग की है कि हज यात्री की सहयोगी यात्री की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 60 वर्ष होनी चाहिए। हाजी निजामुद्दीन का यह भी कहना है कि पहले भारत सरकार और सऊदी सरकार ने अकेली महिला को बिना मेहरम हज यात्रा करने की इजाजत दी थी और अब नई पॉलिसी में दोनों सरकारों ने अकेली महिला को ठहरने के लिए अलग से ठहरने की व्यवस्था का प्रावधान किया है, जो मजहब-ए-इस्लाम के हिसाब से गलत है।

**जयपुर में हज आवेदन कहां-कहां -**

1. हज हाउस- प्रदेश भर के हज आवेदक जयपुर में रामगढ़ मोड़ के पास कर्बला स्थित स्टेट हज हाउस जाकर आवेदन कर सकते हैं। यहां राजस्थान स्टेट हज कमेटी ने सभी सुविधाएं उपलब्ध करवा रखी हैं।
2. राजस्थान हज वेलफेयर सोसाइटी-जयपुर के रामगंज स्थित हज वेलफेयर सोसाइटी, सोसाइटी के महासचिव हाजी निजामुद्दीन का कार्यालय हर समय खुला रहता है। कोई भी व्यक्ति फोन नंबर 8003654685/9829010558 पर संपर्क कर सकता है।

## छोटी-छोटी घटनाओं को लेकर सांप्रदायिक तनाव देश के लिए घातक

### -बच्चों युवाओं में सहनशक्ति घटने लगी है
### -बात बढ़ते ही घटनाएं राजनीति की भेंट चढ़ने लगती हैं
### -ऐसे तो 2047 में विकसित देश नहीं बन सकता है

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। आज कल बच्चों, युवाओं में सहनशक्ति घटती जा रही है, बात-बात पर अपना आपा खोने लगते हैं, झगड़ने लगते हैं और मरने मारने पर उतारू हो जाते हैं। छोटे-छोटे बच्चे ही नहीं, युवा और बुजुर्ग लोगों में गुस्सा छोटी-छोटी घटनाओं को लेकर सातवें आसमान पर चढ़ते देखा जा रहा है। देश की शिक्षा प्रणाली युवाओं को धैर्यवान, सहनशक्ति वाला, रोजगारपरक, देश के प्रति समर्पित बनाने में असफल दिखाई देने लगी है।

राजस्थान प्रदेश में शुक्रवार को उदयपुर और शनिवार को जयपुर में हुई घटनाओं ने तो यह सिद्ध कर दिया है कि देश में बच्चों और युवाओं को जो बनना चाहिए वह न बनकर धर्म, जाति एवं समूहों की पैरवी करने वाले बनते जा रहे हैं। उदयपुर में दसवीं कक्षा के दो छात्रों में स्कूल में झगड़ा होता है और चाकू बाजी हो जाती है। एक छात्र घायल होता है, लेकिन दूसरे छात्र ने 10 वर्ष में क्या शिक्षा ली, उसके मां-बाप ने उसे क्या सिखाया को इंगित किया। इसी तरह जयपुर में स्कूटर और ई-रिक्शा की भिड़ंत में आक्रोशित होकर मारपीट शुरू हो जाती है। एक समुदाय का व्यक्ति दूसरे दिन दम तोड़ देता है, उसके बाद मामले में राजनीति होने लगती है और पूरे समुदाय को दोषी ठहरने की राजनीति शुरू हो जाती है। जबकि कानूनी तौर पर दोषी युवा और व्यक्तियों को सजा मिलनी चाहिए। दोनों ही जगह दोनों आरोपियों को सजा दिलाने के साथ उनके पूरे समुदाय को दोषी ठहराने और नुकसान पहुंचाने की कोशिश हुई। देश में सांप्रदायिक राजनीति में समाज के लोगों में नफरत फैलाकर मानवहथियार बना दिए हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि धर्म के नाम पर कभी भी कैसी भी घटना हो सकती है या केरवायी जा सकती है। देश की धार्मिक राजनीति वास्तविक गुनाहगारों को बचाने की कोशिश करती है। यही राजनीति देश के युवाओं को रोजगार नहीं दे पाती है, अच्छी शिक्षा नहीं दे पाती है और तेजी से विकास नहीं कर पाती है। लेकिन देश की शांति और सौहार्द को बिगाड़ने में पल भर में काम कर देती है यह राजनीति, देश में छोटी-छोटी घटनाएं धार्मिक घटनाएं बन जाती हैं, देखते-देखते लाखों, करोड़ों का आर्थिक नुकसान हो जाता है। लोगों की जिंदगी खतरे में आ जाती है, काम-धंधे चौपट हो जाते हैं। ऐसे में मोदी का सपना कैसे पूरा होगा। प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि भारत 2047 तक विकसित देश बने।



## पूर्व मंत्री यूनुस खान फिर चर्चा में

### -डीडवाना में स्वतंत्रता दिवस पर जिला स्तरीय प्रोग्राम में मंच से उतरकर जनता के बीच बैठे

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पूर्व मंत्री और डीडवाना विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक यूनुस खान फिर एक बार चर्चा में हैं। कुछ दिन पहले पूर्व मंत्री यूनुस खान चर्चा में आए तब थे, जब 6 निर्दलीय विधायकों की एक साथ डिनर की फोटो वायरल हुई थी। वायरल फोटो से प्रदेश के राजनीति में उथल-पुथल होने के कयास लगने लगे हैं, क्योंकि पूर्व मंत्री यूनुस खान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाते हैं।

इसी तरह पूर्व मंत्री स्वतंत्रता दिवस पर चर्चा में आए, जब मंच से उतरकर यूनुस खान जनता के लिए लगी पहली पंक्ति की कुर्सी पर बैठ गए। डीडवाना में इस जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस प्रोग्राम में जिला कलेक्टर ने झंडा रोहण किया। माना जा रहा है



कि भाजपा सरकार के दबाव में पूर्व मंत्री यूनुस खान को मंच पर उचित स्थान और उचित सम्मान नहीं दिया गया। हालांकि कलेक्टर सहित अन्य पूर्व मंत्री को मनाने की कोशिश की और मंच पर बैठने के लिए कहा। लेकिन पूर्व मंत्री यूनुस खान दर्शकों के साथ ही पूरे प्रोग्राम के दौरान बैठे रहे।

## डॉ. सैयद अबुजर अली जैदी का इंतकाल

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर शहर के मशहूर यूनानी डॉक्टर सैयद अबुजर अली जैदी का बरोज़ इतवार 18 अगस्त, 2024 को इंतकाल हो गया। मैय्यत को इतवार की रात 10:30 बजे उनके घर ईदगाह हाउसिंग बोर्ड से चार दरवाजा स्थित शिया सादात कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। मरहूम डॉ. सैयद अबुजर अली जैदी राजपूताना यूनानी तिब्बी कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में प्रोफेसर के पद पर नियुक्त थे एवम रॉयल पत्रिका में उप संपादक भी रहे तथा यूनानी पैथी के नामी हकीमों में शामिल थे। मरहूम बहुत ही मिलनसार और दूसरों की मदद करने में अव्वल रहते थे। उनके परिवार में तीन तीन बेटियां हैं।








## कौन बड़ा हिंदू नेता, प्रतियोगिता शुरू

### -वर्तमान भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य और गोपाल शर्मा में जयपुर का बड़ा हिंदू नेता बनने की प्रतियोगिता शुरू

**एम. खान**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर शहर की आठ विधानसभा सीटों में से पांच विधानसभा सीट भाजपा के खाते में गई थी। इनमें से एक सीट सांगानेर विधानसभा सीट से प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विधायक हैं, यही कारण है कि जयपुर से दूसरा कोई विधायक सरकार में मंत्री नहीं बन पाया है। लेकिन दूसरे विधायक और हारे हुए प्रत्याशियों में शहर का सबसे बड़ा हिंदू नेता बनने की प्रतियोगिता शुरू हो गई है। वैसे तो यह प्रतियोगिता सभी विधायकों एवं प्रत्याशियों के बीच है।

लेकिन मुख्य रूप से हवा महल विधायक और सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा के बीच ज्यादा दिखाई देने लगी है। हवा महल विधायक बाबा बालमुकुंद आचार्य हिंदुत्व के हर मुद्दे पर मुखर होकर बोलते हैं और मुस्लिम समुदाय को हमेशा कटघड़े में खड़ा करने की कोशिश करते हैं और करें भी क्यों नहीं, बाबा ने चुनाव ही हिंदुत्व के मुद्दे पर जीता है। दूसरी तरफ सिविल लाइन विधायक और पत्रकार गोपाल शर्मा भी हिंदुत्व के मुद्दों पर मुखर रहते हैं।


लेकिन लॉजिकली बात करते हैं, दूसरे मुस्लिम समुदाय को दोषी नहीं ठहरा कर केवल अपराधियों, गुंडों एवं दोषियों के खिलाफ बोलते हैं। गोपाल शर्मा सूझबूझ वाले विधायक हैं और भविष्य में भाजपा के बड़े नेता बन सकते हैं।

किशनपोल से हारे हुए प्रत्याशी एडवोकेट चंद्र मनोहर बरवाड़ा पढ़े-लिखे योग्य नेता हैं और हिंदुत्व का भी पूरा ख्याल रखते हैं, साथ ही हारने के बाद भी क्षेत्र में लोगों से मिलना-जुलना और विकास के कामों में रुचि लेना उनकी गतिविधि बनी हुई है। बटवाड़ा ने पार्टी कार्यकर्ताओं और मुस्लिम समुदाय में भी अपनी पकड़ मजबूत की है। विधानसभा चुनाव में समय कम मिलने के कारण उनको हार का मुंह देखना पड़ा। लेकिन आज चुनाव हो जाए तो बटवाड़ा की जीत पक्की है। आदर्श नगर से भाजपा प्रत्याशी रवि नैयर अपनी चुनावी गलतियों के कारण चुनाव हार गए थे।

रवि नैयर का नाम गरीब लोगों की सहायता करने वालों में सबसे ऊपर आता है, क्षेत्र के मुसलमान भी उन्हें बहुत पसंद करते हैं। लेकिन विधानसभा चुनाव में कुछ चुनावी गलतियों के कारण रवि नैयर विधायक बनने से चूक गए। वैसे रवि नैयर हिंदुत्व का पूरा ख्याल रखते हैं, साथ में दूसरे समुदायों का भी सम्मान करते हैं।









## मदरसा अन्जुमन इस्लामिया में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। भारत की आजादी की 78वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्तर की जांच हेतु जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मनोज कुमार मीना के निर्देशानुसार सवाई माधोपुर शहर के सभी मदरसों के छात्र-छात्राओं की चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता शुक्रवार को मदरसा अन्जुमन इस्लामिया मिर्जा मोहल्ला शहर सवाई माधोपुर में आयोजित हुई।

शिक्षा अनुदेशक एवं ब्लॉक नोडल अधिकारी मोहम्मद नईम ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय द्वारा कमेटी का गठन किया गया है। गठित कमेटी में शिक्षा अनुदेशक मोहम्मद नईम, शिक्षा अनुदेशक इरशाद अहमद, शिक्षा अनुदेशक जुनैद अजीज, पार्षद असरारउद्दीन, जहीर अंसारी को शामिल किया गया। प्रतियोगिता के तुरन्त पश्चात कमेटी द्वारा प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। ब्लॉक नोडल अधिकारी मोहम्मद नईम ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में मदरसा दर्सगाह इस्लामी कक्षा-5 के छात्र काजी हस्सान हाशमी ने प्रथम, मदरसा तालीमुल इस्लाम अंसारियान कक्षा-7 की छात्रा फोजिया ने द्वितीय एवं कक्षा-8 की छात्रा अलफिजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार चित्रकला प्रतियोगिता में मदरसा दर्सगाह इस्लामी कक्षा-5 की छात्रा अरफिया ने प्रथम, मदरसा देशवालियान की छात्रा आयशा ने द्वितीय एवं अन्जुमन इस्लामिया के छात्र मोहम्मद अयान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस दौरान सैयद सलमान अली, माहिर आजाद, युनुस शिरानी, मोइनुद्दीन, माजिद, परवेज उद्दीन, राशिद आदि उपस्थित रहे।

## रंगोत्सव में शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण में प्रथम रहे मोहम्मद नासिर



मखोली/सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका) । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मखोली सवाई माधोपुर के शिक्षक मोहम्मद नासिर बेग ने रंगोत्सव में शिक्षण अधिगम सामग्री (TLM) निर्माण में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शिक्षक नासिर ने अपने स्वयं के खर्चे से तैयार फ्लेक्स के माध्यम से निपुण भारत मिशन में अपना सार्थक प्रयास किया है। इनके नवाचार अधिकतर कबाड़ से जुगाड़ के बने हुए हैं। मोहम्मद नासिर ने इससे पूर्व भी बच्चों को शिक्षण अधिगम सामग्री के रूप में हिंदी- अंग्रेजी लेखन के फोल्डर व विद्यालय में मिनी स्टेशनरी बैंक की स्थापना अपने स्वयं के व्यय पर ही की थी। अंत्योदय फाउंडेशन मुंबई के द्वारा कक्षा 1 व 2 के लिए विद्यालय में खिलौना बैंक की स्थापना करवाई गई है। बच्चों को खेल- खेल में स्वरचित गीत कविताओं और गतिविधियों के माध्यम से प्रभावी रोचक शिक्षण कार्य करवा रहे हैं। समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करना ही अपने जीवन का मूल ध्येय बना रखा हैं। इनके नवाचारों का दायरा विद्यालय तक ही सीमित न रहकर विभाग द्वारा शिक्षकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षणों में प्रशिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं निरंतर रूप से प्रदान कर रहे हैं। अपने नवाचारों के कारण ही तीन वर्ष से लगातार शिक्षकों की रंगोत्सव प्रतियोगिता में शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण (TLM) जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे ही शिक्षक समाज के लिए अपनी कार्य शैली में परिवर्तन कर बच्चों के लिए प्रेरणा स्रोत बनते हैं। इसी कारण से इन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न संस्थाओ ने पूर्व में भी सम्मानित किया है।

इन्हें गत दिनों संयुक्त शिक्षा निदेशक एससीईआरटी उत्तराखंड तथा सहायक शिक्षा निदेशक एससीईआरटी उत्तराखंड द्वारा भी उत्तराखंड राज्य की राजधानी देहरादून में एक राष्ट्रीय संगोठी और सम्मान समारोह में शिक्षा सागर फाउंडेशन द्वारा श्रीदेव सुमन राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया है।

## ग़ज़ल

मज़ाक मेरी तन्हाई का बनाते चले गए
एक बार गम आए और आते चले गए
बेइरादा सताया था उसने जो एक दिन
मैं हंसता रहा वो सितम बढ़ाते चले गए
सबब उनकी उदासी का मैंने जो पूंछ लिया
रोए, खामोश हुए फिर मुस्कुराते चले गए
रोकता मैं कैसे तेरी यादों की रवानी को
तेरे ख़्याल मेरा दर्दे-दिल बढ़ाते चले गए
नुमाइश-ए-नाज़ शायद आदत थी उनकी
खुद को खुद देख अदा से
इतराते चले गए मुद्दई बन कर जो आए अदालत-ए-इश्क़ में
बेजुर्म ही तोहमत-ए-वफा लगाते चले गए
चार बूंद खैरात पर ही ज़ब्त-ए-ज़र्फ़ ना रहा
हक़ दरिया पे अज़ीज़ अपना जताते चले गए



**अब्दुल अज़ीज**
मो. 9414595998
झालावाड़ (राज.)

## कविता

अधरों की प्यास पर झुक गया सावन
बरस गया सावन गुज़र गया सावन

नयनों में प्रीति की होए चुभन
मुस्काए हौले से झूमे सुमन
भीगा बदन भीगी भीगी पवन
अन्तः के भावों से जागे अगन
छत पे मुझे देख कर रुक गया सावन
बरस गया सावन...............

पर्वत नहाकर चमकने लगे
पेडों पे पक्षी चहकने लगे
पुकारं दिशाओं में कोई सुने
बदन फूलों के महकने लगे
नयनों से दूर कहीं छुप गया सावन
बरस गया सावन ........................

सतरंगी नयनों की आशाएं बोले
मन के संकेतों की भाषाएं बोले
सबके घरों से किवाडों के बाहर
उमंगों की मीठी पीडाएं बोले
दुनिया की चाहत में लुट गया सावन
बरस गया सावन गुज़र गया सावन

**मौलिक रचना - फ़ज़लुर्रहमान**
**मोबाइल नं :- 9828668877**

## प्रत्येक देशवासी में राष्ट्र भावना होना आवश्यक- मदन राठौड़ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत देश विरोधी ताकतों को मज़बूत जवाब देने वाला- रामलाल शर्मा**



चौमूँ (रॉयल पत्रिका) । भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र नगर एवं देहात चौमूँ द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में हजारो राष्ट्र प्रेमियों के साथ गढ़ गणेश मंदिर, चौमूँ से विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा को भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, प्रदेश मंत्री अशोक सैनी और पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने रवाना किया। तिरंगा यात्रा गढ़ गणेश जी से प्रारंभ होकर बावड़ी गेट, त्रिपोलिया बाज़ार, सदर बाजार, चौपड़, नया बाज़ार, रावण गेट होते हुए धोली मंडी, थाना मोड़ और बस स्टैंड से गढ़ गणेश जी के समापन किया गया। हजारो की संख्या में उपस्थित लोगो ने हाथो में तिरंगा लिए भारत माता और देशभक्ति जयकारों के साथ आगे बढ़े। 151 फ़ीट लम्बे तिरंगे के साथ भारत माता के जयकारो से पूरा परिक्षेत्र गुंजायमान कर दिया। तिरंगा यात्रा का मुख्य मार्गो पर व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और आमजन द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियो द्वारा फूलो का गुच्छा भेंट कर स्वागत किया गया। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि प्रत्येक देशवासी में राष्ट्र भावना होना आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में आज का युवा महत्वपूर्ण कड़ी बनेगा। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निकाली गई तिरंगा यात्रा में हज़ारो की संख्या में उपस्थिति देखकर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा और भाजपा कार्यकर्ताओ की मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि चौमूँ की जनता को रामलाल शर्मा से आत्मीय लगाव है और जनता में उनके प्रति स्नेह है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ सहित पधारे अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा में हजारो की संख्या में पधारे राष्ट्र प्रेमियों का भी मैं तहेंदिल से आभार व्यक्त करता हूँ, आप सभी का जोश और जुनून आपकी राष्ट्र के प्रति भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आज का नया भारत दुश्मन को घर में घुसकर जवाब देना जानता है और आने वाले समय में भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करेगा। तिरंगा यात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र भारत माता की सजीव झांकी रही। स्कूली छात्र छात्राओ और स्काउट के छात्र भी यात्रा में शामिल हुए। पुलिस प्रशासन द्वारा तिरंगा यात्रा में मुख्य मार्गो पर तैनाती रही और यात्रा के दौरान एसीपी अशोक चौहान और थानाधिकारी प्रदीप शर्मा उपस्थित रहें।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, प्रदेश मंत्री अशोक सैनी, प्रभारी सतवीर यादव, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गजानंद कुमावत, कालाडेरा मण्डल अध्यक्ष बनवारी शर्मा, बाँसा मण्डलअध्यक्ष श्रीराम शर्मा, गोविन्दगढ़ कार्यवाहक मण्डल अध्यक्ष गोपाल डेनवाल, प्रधान रामस्वरूप यादव, उपप्रधान कमला जयप्रकाश चौधरी, पूर्व प्रधान महेश मीणा, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष आशीष दूसाद, अर्चना कुमावत, नानुराम सैनी, पूर्व उपाध्यक्ष कालूराम जाट, दिनेश गोरा, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयूमो अर्जुन यादव, पार्षद गजेंद्र यादव, सरपंचगण, पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, भाजपा पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता सहित हजारो की संख्या में राष्ट्र प्रेमी उपस्थित रहें।

## पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने पीड़ित परिवार को दी आर्थिक सहायता

**-बारिश में ढह गया था मकान, भाजपा कार्यकर्ताओं के सहयोग से 21 हजार और 5 क्विंटल गेहूं भेंट किए**

चौमूँ (रॉयल पत्रिका) । विजयसिंहपुरा बाँसा निवासी छोटी देवी धर्मपत्नी स्व. फूलचंद सैनी के निवास स्थान पर जाकर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के सहयोग से 21 हज़ार की आर्थिक सहायता राशि और पाँच क्विंटल गेहूँ देकर संबल प्रदान करने का प्रयास किया।



हाल ही बारिश के कारण छोटी देवी सेनी का मकान ढह गया था। छोटी देवी सैनी के पति का निधन हो चुका है और इनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने विकास अधिकारी गोविंदगढ़ हर्ष महावर से दूरभाष पर वार्ता कर प्रधानमंत्री आवास योजना में इनका पक्का घर बनाने की बात कही है।

## ए.एन. पब्लिक स्कूल की छात्रा तनिष्का ने फिर रचा इतिहास

**-यू-17 सब जूनियर स्टेट चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल**

चौमूँ (रॉयल पत्रिका) । शहर के जयपुर रोड राधास्वामी बाग स्थित ए.एन पब्लिक स्कूल की छात्रा तनिष्का यादव पुत्री सुरेश यादव ने कोटा में चल रही यू-17 सब जूनियर स्टेट चैंपियनशिप में जोधपुर की मोक्षिता भारद्वाज के साथ मिलकर छात्रा युगल में स्वर्ण पदक जीता है।संस्था के कोर्डिनेटर



डॉ. के.एल कुमावत ने बताया कि फाइनल में उन्होंने एक तरफा 2-0 से बीकानेर की काव्या स्वामी और टोंक की शैरिल को हराया। साथ ही तनिष्का और मोक्षिता का नेशनल चैंपियनशिप के लिए भी चयन हो गया है, अब वह नेशनल में राजस्थान के लिए दावेदारी पेश करेंगी। छात्रा तनिष्का यादव का बुधवार को विद्यालय पहुँचने पर संस्था निदेशक बलवीर सिंह, सचिव डॉ. सुमित्रा चौधरी, प्राचार्य अमरीश कुमार शर्मा ने भव्य स्वागत एवं फूल माला एव साफ़ा पहनाकर सम्मान किया व 5100रु का प्रोत्साहित चेक प्रदान किया ।इस मौके पर कोच सुनील चौधरी,सुरेश कुमार यादव अमन टावर,डॉ.रतनलाल जाट,पुनीत चंदवानीं,अविनाश चौधरी, विकास कुमार,सुमन बराला,सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएँ एव स्टाफ़ मौजूद रहा।

## बनास पुल के आस-पास की जगह के सुंदर होने की उम्मीद कलेक्टर ने लिया जाएज़ा

**बरकात हसीन**

टोंक (रॉयल पत्रिका) । टोंक से लगभग 8-9 किमी दूर स्थित ऐतिहासिक फ्रेजर ब्रिज जैसे बनास पुल भी कहा जाता है वहां जाकर जिला कलेक्टर डोक्टर सौम्या झा ने इलाके के हालात देखें और आसपास के पूरे क्षेत्र को देखकर पर्यटन के रूप में इस क्षेत्र के उभरने की संभावनाओं पर गौर किया। टोंक कलेक्टर ने वर्षों पुराने पुल के समूचे इलाके बनास नदी और उसके आसपास के क्षेत्र को गंभीरतापूर्वक देखने के बाद उम्मीद की जा रही है की आने वाले समय में बनास पुल और उसके आसपास के हालात सोन्दर्यकरण का रूप लेंगे और यहां गोठ करने घूमने फिरने और मौसम का आनंद लेने के लिए जाने वाले शहर के लोगों और उसके अलावा राजस्थान के कई जिलों से विशेष कर जयपुर से भारी संख्या में क्षेत्र को देखने आने वाले लोगों के लिए अब यह बहुत आकर्षक और बेहद सुंदर जगह हो सकती है। जिला कलेक्टर ने बनास पुल के सौंदर्यकरण की संभावनाओं के अलावा कई और जवलन्त मुद्दों पर भी कलेक्टर कक्ष में अधिकारियों के साथ चर्चा की धन्ना तलाई और तेलियां के तालाब में सोन्दर्यकरण में पानी की निकासी आवारा पशुओं से आमजन को राहत तथा अमृत योजना 2 के तहत निर्मित होने वाले 6 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की प्रगति पर भी चर्चा की। कलेक्टर के साथ इस बैठक में नगर परिषद की आयुक्त व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उधर काफी दिनों से चल रही बरसात और सुहावने मौसम के चलते शहर के लोगों के अलावा बाहर से विशेष कर जयपुर से भी भारी तादात में लोग यहां घूमने आ रहे हैं। हालांकि इन दिनों पुराने ऐतिहासिक फ्रेजर ब्रिज यानी बनास पुल के दोनों पहले पायों के ऊपर प्रवेश की शुरुआत पर प्रशासन ने दीवार बना दी है ताकि लोग पुल पर आ जा ना सकें और ना ही छोटे बड़े वाहन मोटरसाइकिल स्कूटर या ई रिक्शा ऑटो नहीं जा सके। यह सब सुरक्षा की दृष्टि से किया गया है, क्योंकि न सिर्फ लोग यहां इसपर पर टहलते रहते हैं घूमते रहते हैं। बल्कि कई लोग पुल के ऊपर से नदी में नीचे छलांगे भी लगाते रहे हैं। कोई बड़ा हादसा ना हो जाए



इसलिए प्रशासन ने इस पुल पर आने जाने के लिए रोक लगा रखी है । हालांकि पक्के बंदे की चादर चलने से यहां लोग भारी तादाद में आ रहे हैं। देखा जाए तो पुलिस प्रशासन को भी अब वहां पर लोगों की सुरक्षा के मध्यनजर पुलिस जवानों के ड्यूटी लगाना चाहिए जो हर दृष्टि से भी बेहद जरूरी लगता है। लोगों के अलावा बाहर से विशेष कर जयपुर से भी लोग भारी तादाद में घूमने आ रहे हैं ।

# डीसी की लापरवाही ने सांगानेर मार्केट को किया बर्बाद

**-नगर निगम सांगानेर में भ्रष्टाचार हुआ आबाद**

**-सांगानेर व्यापार महासंघ अध्यक्ष शंकर आकड़ ने लगाए गंभीर आरोप**

**सादिक हिन्दुस्तानी**



सांगानेर (रॉयल पत्रिका) । आजकल सांगानेर नगर निगम अवैध निर्माण करने में, गलत निर्णयों से सांगानेर मार्केट को बर्बाद करने में, गरीब दुकानदारों में भय पैदा करने में, ठेला थड़ी लगाने वाले गरीब मजबूरों का हक छीनने में, सबके साथ समान व्यवहार न करने में, धन्ना सेठों का साथ देने में, सांगानेर की भोली वाली जनता को गुमराह करने में, राजस्थान में अव्वल चल रहा है। भ्रष्टाचारियों का कैसे हो मुंह काला। राजस्थान की भजनलाल सरकार को नहीं मिल रहा है सही हवाला। इसीलिए नगर निगम जोन सांगानेर में है उपायुक्त का बोलबाला। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सांगानेर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष शंकर आकड़ ने लगाए यह तमाम गंभीर आरोप।और उन्होंने आगे कहा की सांगानेर मार्केट को बर्बाद करने में डीसी का हाथ है। पहली गलती अपनी अज्ञानता का परिचय देते हुए दुकानदारों के आगे लगे टीन, टप्पर, तिरपाल, को जबरदस्ती हटा दिया जो कि दुकानदारों के सामने बरसात और गर्मी के मौसम में पानी धूप से ग्राहकों के बचने के काम आते थे। कहीं तोड़ा कहीं छोड़ आधा अधूरा काम छोड़ भाग गए। कोर्ट की फटकार के बाद फिर फरमान आता है कि दुकानदार अपने अपने आगे तीन-तीन फीट छाया कर सकते हैं। क्या इसे कहते हैं अतिक्रमण हटाना? नहीं इसे कहते हैं दुकानदारों में भय पैदा कर अपनी दुकान चलाना। इसी डर से सांगानेर मार्केट के दुकानदारों में असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। अफवाहें गर्म है किसकी दुकान टूटेगी और किसकी बचेगी। इस कारण दुकानदारों का व्यापार चौपट हो रहा है। दुकानदारों को नोटिस देना और कहना ऑफिस में आकर मिलना डर पैदा करता है लेकिन,अभी तक कार्यवाही अमल में नहीं आई कुछ तो दाल में काला है। दूसरी सबसे बड़ी लापरवाही एवं भ्रष्टाचार की बानगी देखिए वर्षों पहले बने कियोस्क (दुकान) जो जर्जर हालत में हो गए थे जनता की वर्षों पुरानी मांगें थी कि यहां पर पार्किंग, बच्चों के लिए वाचनालय, सुलभ शौचालय, बुकिंगऑफिस, जल मंदिर(प्याऊ) यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय बनाए जाएं। मुख्यमंत्री भजनलाल ने सांगानेर के विकास को अंजाम देते हुए सिटी एस बस स्टैंड पर निर्माण कार्य के लिए नगर निगम सांगानेर उपायुक्त को अधिकृत कर दिया गया।अब शुरू हुआ असली खेल गुपचुप तरीके से कागज़ों में में प्लान तैयार कर लिया गया। ना सांगानेर की जनता को बताना मुनासिब समझा और ना ही सांगानेर की मीडिया को जानकारी दी गई। 16 दुकानों के नाम से निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया। धन्ना सेठों की थडियों to को रोका गया और गरीब मजबूर लोगों की थडियों को हटा दिया गया।और सबसे बड़ा घपला देखिए वर्तमान में आठ लोग जो 30-35 वर्षों से काबिज है,और अपनी जीविका चला रहे थे। उनमें से छः काबिज लोगों की ठेला और थडियों को जबरदस्ती हटा दिया गया।16 फर्जी नामो में से सिर्फ दो लोगों के नाम है और 14 नाम फर्जी है। लेनदेन का चक्र चला तथा कोर्ट को गुमराह किया और 16 दुकानों के नाम से फर्जीवाड़ा चालू कर दिया गया। सांगानेर व्यापार महासंघ अध्यक्ष शंकर आकड ने डीसी का समान व्यवहार न करने और गरीबों के साथ अन्याय की कडे शब्दों में आलोचना की है। सांगानेर प्रताप नगर में अवैध निर्माण कार्य जोरो से चल रहे हैं। उनकी रोकथाम नहीं हो रही है। क्योंकि वहां पर मलाई मिल रही हैं। गरीबों को बवजह सताया जा रहा है। मालपुरा गेट से अनाज मंडी मार्केट तालाब का रूप धारण कर रहा है। उसकी चिंता नहीं है। बरसात से पहले नाले साफ करने के लिए लाखों रूपए का ठेका हुआ।आधे अधूरे नाले साफ हुए और सब पैसा हजम कर लिया गया अथवा कहां गया उसकी भी जांच होनी चाहिए। पानी का निकास चतुर इंजीनियरों की अज्ञानता से नहीं बन सका इसकी भी जांच होना चाहिए। लाखों करोड़ों के निर्माण कार्य बार-बार नहीं होते, काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है। इसलिए यह अनुभवहीनता की बात भजनलाल सरकार तक पहुंचना चाहिए। सिटी एस बस स्टैंड पर 16 दुकानों के नाम से जो फर्जीवाड़ा हो रहा है। उसकी जांच भी होना चाहिए और दोषियों को सजा भी मिलनी चाहिये। 8 काबिज थड़ी, ठेले वाले गरीब लोगों को दुकान मिलना चाहिए। सिटी एस बस स्टैंड पर



क्या कार्य योजना है। यानी क्या-क्या निर्माण हो रहा है। कितनी लागत है। कौन सी फर्म कार्य कर रही है। कब तक पूरा होगा। आदि जानकारी सांगानेर की जनता को मालूम पडनी चाहिए। कार्य स्थल पर पूरी जानकारी का बोर्ड लगाना चाहिए और मीडिया के माध्यम से सब जगह जानकारी पहुंचना चाहिए। गुपचुप तरीके से कुलिया में गुड नहीं फोड़ना चाहिए। जनता के हित का काम जनता के सुझावों से होना चाहिए। यह हमारी और सांगानेर की जनता की मांग है। यह कहना है सांगानेर व्यापार महासंघ अध्यक्ष शंकर आकड़ का। यदि गरीबों को न्याय नहीं मिलता,भ्रष्टाचार बंद नहीं होता, दलाली खत्म नहीं होती है तो सांगानेर की जनता और हम सब मिलकर जन आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे। ऐसे लापरवाह, भ्रष्ट अधिकारियों को शीघ्र हटाया जाए। और सांगानेर नगर निगम को भ्रष्टाचारियों से मुक्त कराया जाए।

**रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका**

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।

-संपादक

Scan Here

# हेरिटेज नगर निगम बरसात में काम करने में फिसड्डी साबित हो रहा है

**-बरसात के कारण सीवर लाइन ओवर फ्लो हो रही है, सड़कों पर गंदा पानी फैल रहा है, नागरिक बदबू और गंदगी के कारण सड़कों पर चल नहीं पा रहे हैं ।**

**-शिकायत के बावजूद डिप्टी कमिश्नर, XEN, JEN, CSI, वार्ड इंस्पेक्टर कुछ नहीं कर रहे हैं ।**

**-मुख्यमंत्री के संपर्क पोर्टल की शिकायतों की भी उनको कोई चिंता नहीं है ।**

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । नाली की सफाई, सड़कों की सफाई, सीवर लाइन की सफाई, मकान बनने में कमीशनखोरी, सड़कों के निर्माण में कमीशनखोरी, बिजली के ठेकों में कमीशनखोरी के आदी हो चुके नगर निगम हेरिटेज के कर्मचारी और अधिकारी शहर की ओवर फ्लो हो रही सीवर लाइनों, कचरा सफाई में नाकाम दिखाई दे रहे हैं । हेरिटेज वार्ड 75, 65, 62 में करीब 20 दिन से सीवर लाइन चौक हो गई है । सीवर का गंदा पानी सड़कों पर फैलकर बह रहा है । हजारों घरों में बने गटर (लैट्रिन) मलबे से भरे पड़े हैं । नागरिक बदबू और गंदगी से बीमार हो रहे हैं । चारों तरफ गंदगी का आलम है । गंदगी यदि ऐसे ही बनी रही तो क्षेत्र में महामारी फैल सकती है । वार्ड 65 के पार्षद वार्ड, 62 के पार्षद अन्य पार्षदों की निगम अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं । नगर निगम अधिकारियों को किसी निडर, उनको किसी का डर नहीं है, भाजपा नेताओं की भी अनसुनी कर रहे हैं । लाखों रुपए प्रति माह की मोटी तनख्वाह उठाने वाले नगर निगम अधिकारी पहले तो कांग्रेस पार्षदों और विधायकों की नहीं मान रहे थे, लेकिन अब भाजपा विधायक प्रत्याशियों और भाजपा नेताओं की भी नहीं मान रहे हैं । किशनपोल से भाजपा प्रत्याशी चंद्र मनोहर बरवाड़ा ने पहले क्षेत्र का दौरा किया और फिर XEN योगेश कुमावत सहित अन्य नगर निगम अधिकारियों को जल्दी से जल्दी से सिवर लाइन खोलने का निर्देश दिया । इसके बावजूद भी अधिकारी खुद कुछ नहीं कर रहे हैं । नगर निगम अधिकारी एक दूसरे पर टालने और सीवर साफ करने वाली मशीनों का इंतजाम नहीं होने की बात करने लगे हैं । दो दिन रविवार और राखी की छुट्टी आ गई है । ऐसी स्थिति में क्षेत्र में पहले से फैल रहे सीवर पानी का गंदगी में और अब कचरे के ढेर नजर आने लगेंगे । ऐसा लगने लगा है कि यहां नागरिक जब तक नगर निगम कर्मियों के खिलाफ सड़कों पर नहीं उतरेंगे तब तक समस्या का हल नहीं होने वाला है ।



# भाजपा विधानसभा प्रत्याशी चंद्र मनोहर बटवाड़ा ने लिया किशनपोल विधानसभा का जायजा

**-सीवर लाइन चौक होने एवं गंदगी की शिकायत पर बटवाड़ा ने क्षेत्र का निरीक्षण किया ।**

**-बटवाड़ा के साथ नगर निगम हेरिटेज के XEN योगेश कुमावत और भाजपा नेता जफर मिर्जा मौजूद थे**



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। किशनपोल विधानसभा क्षेत्र के रामगंज, चौकड़ी रामचंद्र जी, सुभाष चौक, बड़ी चौपड़, चांदपोल क्षेत्र में सीवर लाइन चौक होने और सड़कों पर फैल रही गंदगी और मिल रही शिकायतों को लेकर किशनपोल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे चंद मनोहर बटवाड़ा ने नगर निगम अधिकारियों को क्षेत्र की सीवर और गंदगी की व्यवस्था जल्दी से जल्दी सुधारने के निर्देश दिए । भाजपा के बटवाड़ा ने नगर निगम हेरिटेज के XEN योगेश कुमार कुमावत और भाजपा नेता जफर मिर्जा के साथ रामगंज, चार दरवाजा, हांडीपुरा, सुभाष चौक और बड़ी चौपड़ का दौरा करके समस्या का जायजा लिया और नगर निगम अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया । बटवाड़ा का कहना है कि चार दीवारी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की स्थिति खराब रहती है । नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों को ध्यान देने की जरूरत है । बटवाड़ा का कहना है कि जयपुर की पहचान चार दीवारी के अंदर शहर से है । चार दीवारी में सफाई, सीवर की व्यवस्था में सुधार होना जरूरी है । चार दीवारी क्षेत्र में सफाई एवं अतिक्रमण की व्यवस्था पर बटवाड़ा ने चिंता व्यक्त की और नगर निगम अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने पर जोर दिया । दूसरी तरफ नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि दौरों से कोई फर्क नहीं पड़ता,। काम तो हम ही करेंगे और काम जब होगा तब होगा । अधिकारियों को सरकार और भाजपा नेताओं का कोई डर नजर नहीं आया ।

---

## ब्राइट फ्लावर्स सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। ब्राइट फ्लावर्स सेकेंडरी स्कूल एवं मदरसा ब्राइट फ्लावर्स स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

जयपुर स्थित ब्राइट फ्लावर्स सेकेंडरी स्कूल एवं मदरसा ब्राइट फ्लावर्स स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने और अध्यापकों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। प्रोग्राम की शुरुआत स्कूल के डायरेक्टर ने झंडा रोहण करके की उसके बाद बच्चियों ने राष्ट्रगान गाकर प्रोग्राम को आगे बढ़ाया। उसके बाद और भी प्रोग्राम कि प्रस्तुति कि गई। प्रोग्राम के अंत में स्कूल के प्रिंसीपल अब्दुल मजीद साहब ने बच्चों को अपने देश और आजादी के बारे में बताया और शिक्षा के महत्व के बारे में बताया एवं उन्होंने बच्चों को नसीहत करते हुए कहा कि अपने और



अपने परिवार के बेहतर कल के लिए शिक्षित होना जरूरी है। शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार व शहर का नाम रोशन करें जीवन में सफलता प्राप्त कर अपने उद्देश्यों को पूरा करें। प्रोग्राम के आखिर में ब्राइट फ्लावर्स सेकेंड्री स्कूल के डायरेक्टर अब्दुल मजीद और अबुल कलाम आए हुए सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों का शुक्रिया अदा किया।

# एपीजे अब्दुल कलाम हॉस्टल पर ध्वजारोहण किया गया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जगतपुरा स्थित एपीजे अब्दुल कलाम हॉस्टल पर ध्वजारोहण ट्रस्ट के अध्यक्ष हारून खान ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ बी ऐल जाटावत पूर्व अध्यक्ष कर्मचारी चयन बोर्ड राजस्थान, असलम शेर खान RAS, कमल यादव RAS, सत्येंद्र बसवाल RACS, कर्नल हफीज थे एवं अध्यक्षता एपीजे अब्दुल कलाम एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष हारून खान ने की। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के जनरल सेक्रेटरी हाजी सईद अहमद ने किया एवं मेहमानों का स्वागत ट्रस्ट के कैशियर डॉ नजमुदीन, बड़े भाई अब्दुल रजाक, डॉक्टर अब्दुल गफ्फार , डॉ राजीव चौधरी, डॉक्टर जावेद, डॉक्टर हारून, डॉक्टर जफीरुल हसन, डॉक्टर रुस्तम खान, सद्दीक खोखर, युनानी मेडिकल कॉलेज के



प्रिंसिपल डॉक्टर नकवी, डॉक्टर गफ्फार, सब प्रोग्राम अधिकारी सहित अन्य साथियों ने किया। धन्यवाद ट्रस्ट के जिम्मेदार साथी डॉक्टर फैयाज मलिक ने सभी का धन्यवाद किया और शुक्रिया अदा किया। इस बिल्डिंग के बनने में आप सभी का बड़ा योगदान है जो आने वाली पीढियां के लिए नीव का पत्थर साबित होगी। हमेशा की तरह इस बार भी हमारे ट्रस्ट के ट्रस्टी सद्दीक खोकर साहब ने जलपान की व्यवस्था की। उनका बहुत-बहुत शुक्रिया इस दौर में लोग 1 रुपया खर्च करने के लिए बचते हैं और सादिक साहब हमेशा आगे रहकर खर्च करते हैं। बहुत सारे साथियों का जो अपने आप में बड़ी हैसियत रखते हैं नाम नहीं लिख पाया हूं आपके इस प्रोग्राम में तशरीफ लाने पर सभी का बहुत-बहुत शुक्रिया। सभी को स्वतंत्रता दिवस की बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं। इस खुशी के मौके पर प्रोफेसर इब्राहिम, डॉक्टर अफजल , सहायक प्रशासनिक अधिकारी अंकित पहाड़िया जी, प्रोफेसर इब्राहिम , सरदार खान, इकबाल फारुकी , डॉक्टर जुबेर , डॉक्टर हारून , हाजी यूसुफ , डॉक्टर अकरम , उद्योगपति यूनुस , मिनरल वाटर इंडस्ट्रीज के मालिक हाफिज, नईम अख्तर , अजहर , अख्तर, शाहिद बड़ी संख्या में हॉस्टल प्रेमी प्रोग्राम में मौजूद थे। हॉस्टल में काम चल रहा है। बकाया काम के लिए सबसे ताव्वुन की दरखास्त की गई है। कार्यक्रम में शिरकत करने वालों का सभी का धन्यवाद अदा किया गया।

# नग्गा मियां की मस्जिद को अतिक्रमण से मुक्त करवाया

**-कमेटी के रिश्तेदार के पास मस्जिद की दुकान अभी भी किराए पर**

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । रामगंज कावंटियों की पीपली स्थित ऐतिहासिक नग्गा मियां की मस्जिद से सैंकड़ों वर्षों से कब्जा करके रह रहे दर्जनों परिवारों को निकाल दिया गया है । वक्फ बोर्ड और कब्जा करके रह रहे परिवारों के बीच एक लंबे समय न्यायालय के फैसले के अनुसार पुलिस बल की सहायता से वक्फ बोर्ड नग्गा मियां मस्जिद परिसर में रहने वाले परिवारों को जबरदस्ती हटाकर मस्जिद परिसर को खाली करवा लिया ।

दूसरी तरफ मस्जिद के बाहर एक कोमर्शियल दुकान बनी हुई है ।




तक मुकदमेबाज़ी होती रही । माननीय न्यायालय ने वक्फ बोर्ड के पक्ष में फैसला सुनाया, जबकि वर्षों से रह रहे परिवार मस्जिद के लिए जमीन वक्फ करने वाले वाकिफ नग्गा मियां के परिवार और रिश्तेदार होने का दावा कर रहे थे और मस्जिद की जमीन पर रहना अपना हक़ मान रहे थे। लोगों का आरोप है कि मस्जिद कमेटी के एक रिश्तेदार को यह किराए पर दी हुई है, जबकि नियमों के अनुसार कमेटी का कोई मेंबर और उसका कोई रिश्तेदार मस्जिद की दुकान किराए पर नहीं ले सकता है । इसके लिए वक्फ बोर्ड चेयरमैन डॉ. खानु खान को पत्र लिखकर शिकायत की गई है ।

## दार-अल-अरकम पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। दिल्ली बाईपास ईदगाह के पास दार-अल-अकरम स्कूल में स्वतंत्रता






दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया।

स्कूल में पढ़ने वाले नन्हे मुन्ने बच्चे घर से स्वतंत्रता दिवस से संबंधित अच्छे अच्छे प्रोजेक्ट बना कर लेकर आये जिन्होंने सबका मन मोह लिया । रंगारंग वेशभूषा में तैयार होकर देश भक्ति कार्यक्रम पर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं जिनमें ख़ास तौर पर शहीदों के बलिदान की प्रस्तुतियों पर सभी की आँखें नम हो गयीं।

समापन पर स्कूल मैनेजमेंट की ओर से बच्चों में मिठाई तकसीम की गयीं ।

# खो नागोरियान में बारिश का कहर, छत का प्लास्टर गिरने से बच्ची की मौत, परिवार के तीन लोग घायल

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । राजधानी में बीती 14 अगस्त को आई मूसलाधार बारिश के बाद खो नागोरियान के मदीना नगर में एक छत का प्लास्टर गिर गया। इस हादसे में जहां एक बच्ची की मौत हो गई वहीं परिवार के तीन लोग घायल हैं। इस हफ्ते हुई बारिश ने जयपुर के कई इलाकों के हालात खराब कर दिए हैं। ज्यादातर इलाके जलभराव से त्रस्त हैं वहीं बारिश पुराने और जर्जर मकानों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। यह मामला खो नागोरियान से सामने आया है। बुधवार हुई बारिश के बीच खो नागोरियान के मदीना नगर में में छत का प्लास्टर गिरने से एक 13 साल की बालिका अलीशा की मौत हो गई है जबकि परिवार के तीन अन्य लोग घायल हो गए हैं। मामले के अनुसार फर्रुखाबाद-यूपी निवासी मोहम्मद सुनील का परिवार मदीना नगर में रहता है। उनका परिवार बुधवार रात को कमरे में सो रहा था। तभी मध्यरात्रि मे कमरे की छत का प्लास्टर गिर गया। परिवार के सभी लोग घायल हो गए। इस हादसे में घायलों में पिता मोहम्मद सुनील, 5 साल का मोहम्मद सूफियान एवं डेढ़ वर्षीय अनाबिया शामिल है। सूचना पर खोह नागोरियान थाना पुलिस ने नजदीक ही जेएनयू अस्पताल में भर्ती करवाया। एसडीएम सांगानेर हिम्मत सिंह ने तहसीलदार व पटवारी से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलवाने को कहा है। पार्षद प्रतिनिधि हाजी जाकिर ने राज्य सरकार से पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है।

**कॉंग्रेस नेत्री रूबी खान ने की मुआवजे की मांग**

कांग्रेस पार्टी की प्रदेश सचिव एवं एआईसीसी अल्पसंख्यक विभाग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रूबी खान भी शनिवार को परिवार को सांत्वना देने उनके घर पहुंची।इसके बाद वे अस्पताल में भर्ती घायलों का हालचाल पहुँचने जेएनयू अस्पताल भी पहुंची और डाक्टरों से उनके इलाज के बारे में जानकारी ली। उन्होंने पूरी स्थिति का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने राज्य सरकार से पीड़ित परिवार को आ धि क ा धि क मुआवजा देने की मांग की है। रूबी खान ने कहा कि वह पीड़ित परिवार की मदद हेतु इस इस मामले को उच्च स्तर तक पहुंचाएंगी और जहां तक संभव हो सकेगा परिवार को मदद पहुंचाने का प्रयास करेंगी। साथ ही उन्होंने परिवार के लिए मददगार साबित




हुए युवक शाहरुख की सराहना करते हुए कहा कि समाज को ऐसे युवाओं की जरूरत है ऐसी स्थिति में युवाओं को आगे आना चाहिए और पीड़ितों की मदद करनी चाहिए इस मौके पर उनके साथ उनके पति कैप्टन मिर्जा बैग एव बाबू भाई भी मौजूद रहे।

**परिवार के लिए मसीहा बनकर आगे आए शाहरुख**

इस दर्दनाक हादसे की सूचना मिलते ही पड़ोस में ही रहने वाले युवक शाहरुख पठान ने तत्परता दिखाते हुए परिवार को के घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाया साथ ही सोशल मीडिया पर कैंपेन चलाकर परिवार के लिए इलाज के लिए मदद इकट्ठा कर रहे हैं। शाहरुख पठान ने बताया कि जैसे ही उन्हें हादसे की सूचना मिली उन्होंने पुलिस को सूचित किया और जख्मी परिवार को अस्पताल में भर्ती कराया। शाहरुख सोशल मीडिया के जरिए कैंपेन चलाकर परिवार की सहायता लिए धनराशि भी इकट्ठा कर रहे हैं जिसके जरिए परिवार का इलाज करवाया जा रहा है। परिवार उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और उसके पास चिरंजीवी कार्ड नहीं है। उन्होंने यह धनराशि अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और मिलने वालों के जरिए इकट्ठा की है, जिसका इस्तेमाल पीड़ित परिवार के इलाज के लिए किया जा रहा है। शाहरुख ने बताया कि परिवार को इलाज के लिए अभी और रूपयों की जरूरत है।उन्होने लोगो से आगे आकर पीड़ित परिवार की मदद करने की मांग की है।

**मकान मालिक की लापरवाही आई सामने**

इस हादसे में मकान मालिक की लापरवाही सामने आई है स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे के अगले ही दिन मकान मालिक मदद करने के बजाय बिजली का बिल और किराया मांगने आ गया। मकान बहुत खस्ता हाल था उसके बावजूद उसने इसकी मरम्मत नहीं कराई इसलिए इतना बड़ा हादसा हुआ।



# हिंदू मुस्लिम एकता सामाजिक समिति द्वारा आजादी के 78 वे जश्न पर झंडा रोहण किया गया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। हिंदू मुस्लिम एकता समाजिक समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विक्रम सर्किल पर देश की आजादी का 78 वे जश्न पर झंडा रोहण किया गया। झंडा रोहण एसीपी शास्त्री नगर भोपाल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष फिरोज उद्दीन,अशोक संतानी ,समिति सचिव निजाम भाटी, सीनियर सिटीजन मोहन बागड़ी, प्रदीप शर्मा, मजहर हुसैन, वे अन्य समिति सदस्यों ने मिलकर झंडा रोहण किया और सभी ने देश में एकता बनाए रखने की अपील की



## स्वतंत्रता दिवस पर महिला बैंक के सी.ई.ओ. इकबाल खान ने बैंक में किया झंडारोहण

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। दी राजलक्ष्मी महिला अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की मुख्य शाखा त्रिपोलिया बाज़ार, जयपुर में साथ ही समारोह में त्रिपोलिया बाज़ार के अच्छे ग्राहकों में हरीश उदवानी सहित अन्य ग्राहकों को सम्मानित भी किया गया |



78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर गुरुवार को पूर्वाहन 11.15 बजे बैंक के सीईओ मोहम्मद इकबाल खान द्वारा झंडारोहण किया गया | कार्यकम में मुख्य अतिथि नगर निगम हैरिटेज के उप महापौर असलम फारुकी, पार्षद जमीला बेगम, पार्षद प्रतिनिधि शाकिर खान, बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे | बैंक के सीईओ मोहम्मद इकबाल खान ने जानकारी दी की स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रीय पर्व के तौर पर मनाते हैं | राष्ट्रीय पर्व पर बैंक परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया | झंडारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया | देश को आजाद कराने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद किया गया |

# देश की वृद्धि व समृद्धि के लिए ज़रूरी है कौशल विकास - डॉ. टीकम चन्द बोहरा

**- समर्पण संस्था द्वारा 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता दिवस समारोह व "राष्ट्र निर्माण में कौशल विकास का महत्व " विषयक सेमिनार आयोजित...**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। " कौशल विकास देश की वृद्धि व समृद्धि के लिए बहुत ज़रूरी है ।सरकार इसके लिए प्रमुखता से काम कर रही हैं ।

ग़ैर सरकारी संगठनों को भी इसके लिए अधिक काम करने की जरूरत है " उक्त विचार आज 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर समर्पण संस्था की ओर से समर्पण आश्रय केयर भवन, साँभरिया रोड़, जयपुर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह व "राष्ट्र निर्माण में कौशल विकास का महत्व" विषयक सेमिनार में मुख्य अतिथि आईएएस डॉ. टीकम चन्द बोहरा 'अनजाना' ने व्यक्त किये ।

उन्होंने कहा कि " समर्पण संस्था ज़रूरतमंदों की सेवा के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है ।यह आनन्द का मार्ग है ।"

इससे पूर्व समर्पण आश्रय केयर भवन प्रांगण में मुख्य अतिथि आईएएस डॉ. टीकम चन्द बोहरा 'अनजाना' ने अन्य अतिथि व संस्था पदाधिकारियों के साथ ध्वजारोहण किया । तत्पश्चात सेमिनार की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ समर्पण प्रार्थना से की गई जिसे कोषाध्यक्ष राम अवतार नागरवाल व सुश्री सुवज्ञा माल्या ने प्रस्तुत किया।

संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने स्वागत भाषण में संस्था के सिद्धांत, विचारधारा व कार्यक्रमों की विस्तृत व्याख्या करते हुए विचार व्यक्त किये ।

डॉ. माल्या ने "राष्ट्र निर्माण में कौशल विकास का महत्व" विषय पर एक पीपीटी प्रजेन्टेशन के माध्यम से बताया कि " कौशल विकास जीवन को बेहतर बनाता है जो कि राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है ।प्रजेन्टेशन में कौशल विकास से सम्बन्धित देश विदेश के आँकड़ों की जानकारी देते हुए भारत में क्या प्रयास किये जा सकते है इसके सुझाव प्रस्तुत किये ।"

कार्यक्रम में संस्था की डॉक्यूमेंटरी के साथ संस्था द्वारा इस वर्ष में अब तक आयोजित किये गये कार्यक्रमों की झलकियां



वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित की गई ।

विशिष्ट अतिथि व्यवसायी बलराम चौधरी ने कहा कि "श्रमिकों व तकनीकी कामगारों के लिए कौशल ट्रेनिंग कार्यक्रम अधिक से अधिक होने चाहिये । देश कौशल विकास से ही सशक्त बन सकता है ।"

विशिष्ट अतिथि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सेवानिवृत्त महाप्रबंधक पियुष नाग ने कहा कि " कौशल विकास के लिए बैंक व अन्य कम्पनियों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जाते हैं । जिसका लाभ अधिक से अधिक लोगों लेना चाहिए ।"

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. बी. एल. जाटावत ने कहा कि " हर व्यक्ति में कौशल विद्यामान होता है लेकिन उसके लिए विधिवत प्रशिक्षण व विकास की आवश्यकता होती है । सामाजिक संस्थाओं को इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी ।" सेमिनार में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया ।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...


## क्या देश को स्वतंत्र कराने वाले शहीदों का सपना पूरा हुआ ?

देश को 78 वर्ष हो गए स्वतंत्र हुए फिर भी एक नए स्वतंत्रता आन्दोलन की जरूरत महसूस होने लगी हैं। भारत 1947 मे पूर्णरूप से अंग्रेजो की गुलामी से आज़ाद हो गया । देश की आजादी के लिए सभी जाति-धर्मो के लोगों ने कुर्बानिया दी थी। अंग्रेजों ने कभी निहत्थों पर लाठीचार्ज किया, कभी गोलिया चलायी। हजारों भारतीयों की हत्या करदी गई, फिर भी आजादी के जोश ने भारतीयों को अंग्रेजों से लम्बी लड़ाई से पीछे नही हटने दिया। आखिर में भारतीयों का जोश और हिम्मत देखकर अंग्रेजो ने भारत को स्वतंत्र कर दिया और अंग्रेज देश छोडक़र चले गए। भारत का स्वतंत्रता आन्दोलन 1857 से शुरू हुआ और 1947 तक चला। स्वतंत्रता संग्राम में लाखों भारतीयों ने अपनी जानें कुर्बान की। इस स्वाधीनता संग्राम में भी कुछ भारतीय संगठनों ने अंग्रेजों का साथ दिया और देश के साथ गददारी की । अग्रेजो को भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों की गुप्त जानकारिया दी थी। फिर भी देश स्वतंत्र हो गया। देश के लिए अपनी कुर्बानी देने वाले और शहीद होने वालो ने सोचा होगा कि देश अंग्रेजों की बेडियों से आजाद हो जाएंगा और देश के हर नागरिक को रहने , खाने, बोलने और जीने की आजादी होगी । देश सभी धर्मा जातियो एवं समुदायों के बीच कोई भेदभाव नहीं करेगा। इसी सोच के साथ भारतीय संविधान की रचना की गई। यह सही है कि देश ने स्वतंत्रा के 77 वर्षो में काफी तरक्की की है। सुई से लेकर हवाई जहाज तक देश में बनाए जाते है। नई नई तकनीके ईजाद की गई है। देश के विकास में भी सभी जाति धर्म, एवं समुदायों के लोगों का योगदन रहा है। देश के शहीदों का सपना यह भी था कि भारत में आपसी नफरत, घूआछूत, सामाजिक एवं धार्मिक अत्याचार भी समाप्त हो और भारत देश दुनिया का अग्रणी देश बनें। देश अपनी रफ्तार से बढ़ रहा हैं। लेकिन देश मे कुछ वर्षो से नफरत, धर्मवाद, जातिवाद का बोल?बाला दिखाई देने लगा है। अंग्रेजो की तरह देश के लोगों को बांटने की कोशिश, बड़े पैमाने पर दिखाई दे रही है। देश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्ट्राचार से लडऩे की जगह भारतीय समाज को जाति, धर्म एवं समुदाय के आधार पर बांटा जा रहा हैं। इससे दुनिया में देश की छवि तो खराब हो रही है, साथ में देश कमजोर भी हो रहा है। देश के बुद्धिजीवी मानने लगे है कि संविधान और प्रजातांत्रिक संस्थाओ को कमजोर किया जा रहा हैं। नफरत के बोलबाला के चलते भारतीयों के बीच दूरी बढऩे लगी है। विभिन्न जाति, धर्मा एवं समुदायों के लोग एक दूसरे पर शक एवं अविश्वास करने लगे है। ऐसी स्थिति में देश में जाति संघर्ष, वर्ग संघर्ष और साम्प्रदायिक संघर्ष की संभावना बढ़ जाती है। जब देश आंतरिक अशांति का शिकार हो जाता है तो देश की आर्थिक स्थिति खराब होने लगती है, बेरोजगारी और भ्रष्टचार बढऩे लगता है और आखिर में देश बर्बाद हो जाता है. और फिर से किसी का गुलाम बन जाता हैं। देश में कुर्सी और सत्ता के लिए राजनीति हो रही है, जो देश के विकास में बाधक है। नेताओं ने राजनीति को व्यवसाय मे-बदल दिया है और जनता अभावो की जिंदगी जी रही है। इसलिए देश की जनता बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों, सुरक्षाकर्मियों, राजनैतिक कार्यकर्ताओं एवं विधारथियों को फिर से एक नये स्वतंत्रता आन्दोलन की जरूरत है। देश से नफरत मिटाने और आपसी सौहार्द और भाईचारा बढ़ाने की जरूरत हैं।

## शहनाई के जादूगर उस्ताद बिस्मिल्ला खां

**पुण्यतिथि विशेष**

भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां (जन्म : 21 मार्च, 1916, मृत्यु : 21 अगस्त, 2006) की शहनाई तो लाजवाब थी ही, उनकी सादगी, ठेठ बनारसीपन, उल्लास भरी बातें और गरीबों के प्रति अपनापन... उनकी हर अदा खास थी। शहनाई को ग्लोबल स्टेज पर ले जाने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है। भारतीय संगीत में उनके योगदान के लिए उन्हें भारत रत्न का सम्मान भी मिला था। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उस्ताद बिस्मिल्लाह खां ऐसा ही एक नाम है जो शहनाई वादन का पर्याय है। 21 अगस्त 2006 के दिन इस महान फनकार ने इस दुनिया से रुखसत ली थी। शहनाई से उनके इश्क की दास्तां देखिए कि काशी की सांस्कृतिक विरासत के इस पुरोधा की कब्र में शहनाई भी दफनाई गई। 21 मार्च 1916 को बिहार में जन्मे कमरुद्दीन इस सांस्कृतिक नगरी काशी आकर बिस्मिल्ला खां बने और अपने हुनर की बदौलत यहीं अपने नाम के आगे 'उस्ताद' कमाया। अपने जीवन काल में कई उल्लेखनीय उपलब्धियों के साथ सम्मानित खान उन कुछ गीतकारों में से एक हैं जिन्हें भारतीय संगीत में उनके योगदान के लिए भारत रत्न मिला है।



बिस्मिल्लाह खां गंगा को अपनी मां मानते थे और कहते थे कि गंगा में स्नान करना हमारे लिए उतना ही जरूरी है, जितना जरूरी शहनाई बजाना। चाहे कितनी भी सर्दी हो गंगा में नहाए बिना तो सुकून नहीं मिलता।उस्ताद कमाई का आधे से अधिक हिस्सा तक्सीम करते थे। गाड़ी-मोटर के बजाय उस्ताद को रिक्शे की सवारी अधिक पसंद थी। इसी बहाने वे रिक्शेवालों की मदद भी किया करते थे। प्रोग्राम से जो भी पैसा मिलता उसका अधिकांश हिस्सा गरीबों, जरूरतमंदों में तक्सीम कर देते थे। इसी तरह वे शहनाई बजाने वाले कलाकारों की भी मदद करते थे।

उस्ताद का जन्म पैगंबर खां के यहां बिहार के डुमरांव स्थित ठठेरी बाजार में एक किराए के मकान में 21 मार्च, 1916 ई. को हुआ था। उनके बचपन का नाम कमरुद्दीन था। वे अपने माता-पिता की दूसरी संतान थे। उनके पैदा होने पर दादा रसूल बख्श ने बिस्मिल्लाह कहा, जिसका शाब्दिक अर्थ होता है शुरू करता हूं अल्लाह के नाम से। आगे चलकर वे बिस्मिल्लाह खां के नाम से मशहूर हुए। उनके पिता डुमरांव रियासत के महाराजा केशव प्रसाद सिंह के दरबार में शहनाई बजाया करते थे। छह साल की उम्र में बिस्मिल्लाह खां अपने पिता के साथ बनारस आ गए। यहां उन्होंने अपने चाचा अली बख्श विलायती से शहनाई बजाना सीखा। उनके उस्ताद चाचा श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में स्थायी रूप से शहनाई-वादन करते थे। संगीत-सुर और नमाज इन तीन बातों के अलावा बिस्मिल्लाह खां की जिंदगी में और दूसरा कुछ न था। इंडिया गेट पर शहनाई बजाने की इच्छा रखने वाले उस्ताद बिस्मिल्लाह खां की ये हसरत अधूरी ही रह गई। उन्होंने 21 अगस्त, 2006 को अंतिम सांस ली।

# क्या आप जानते हैं हिजाब का असली मतलब ?

***आप हिजाब शब्द से यकीनन वाफिक होंगे क्योंकि हमारे समाज में इसको लेकर विवाद चलता रहा है। इसलिए हमारे लिए यह जानना बहुत जरुरी है कि इसका असल मतलब क्या है, तो आइए जानते हैं।***



हिजाब....नकाब....बुर्का....यह तमाम चीजें मुस्लिम समाज का हिस्सा रही हैं जिसे खासतौर से औरतों के लिए बनाया गया है। हिजाब मुस्लिम औरत का ताज है जिसे वो अपने सिर की चारों तरफ बांधती है और अपने बालों को छुपाती है।

मगर समाज में हिजाब बांधने को लेकर हमेशा से ही विवाद चलता रहा है....क्योंकि जिस तरह से हिजाब को परिभाषित किया जाता रहा है.... यह जानने या समझने के बाद यकीनन हमें हिजाब शब्द के असल मतलब से वाकिफ होना बहुत जरूरी है।

इस बात में भी कोई दो राय नहीं है कि पिछले कुछ समय से हिजाब को लेकर मामला इतना बढ़ गया है कि कई देशों में इसे बैन कर दिया गया। इसके विपरित, कई देशों में मुस्लिम महिलाओं को उनका हक दिलवाने की बात भी कही गई, लेकिन सवाल यह है कि हिजाब को लेकर इतना विवाद क्यों?

क्या वाकई हिजाब एक महिला की आज़ादी छीनने का काम करता है? क्या हिजाब एक पाबंदी है? अगर नहीं, तो क्यों सोशल मीडिया पर Hijab is Our Right ट्रेंड होता रहा। यह सोचने वाली बात है.. यहां सिर्फ हिजाब पर ही नहीं बल्कि बिकनी पहनने पर भी लोगों को मसला हो जाता है...। इस बात से यह तो साफ हो जाता है कि खराबी हमारे समाज में है... उनकी सोच में है। मगर आज हम इसको लेकर चलते आ रहे विवाद पर बात नहीं करेंगे, बल्कि आज इस आर्टिकल में हम आपको हिजाब अल्फाज़ के असल मतलब को समझाने की कोशिश करेंगे और यह जानने की कोशिश करेंगे कि आखिर कब और कैसे हिजाब मुस्लिम महिलाओं के जीवन का हिस्सा बना।

**क्या हिजाब कोई पाबंदी है?**

इस्लाम में.... कुछ कर्तव्य बनाए गए हैं जैसे- पर्दा करना , लेकिन किसी पर पर्दा के लिए दबाव डालने का सवाल ही नहीं है या ऐसा नहीं कि अगर कोई पर्दा नहीं करेगा तो उसे पीटा जाएगा। इस्लाम में किसी भी तरह की ज़ोर-ज़बरदस्ती नहीं की गई है।

इस्लाम एक ऐसा मज़हब है जो नसीहत देता है और इसे मानना या न मानना हमारे ऊपर छोड़ दिया जाता है। ठीक इसी तरह अगर कोई हिजाब पहनना चाहता है, तो पहन सकता है। इसमें किसी भी तरह का विवाद होना ही नहीं चाहिए।

**क्या है हिजाब का असल मतलब?**

हिजाब अल्फाज आमतौर पर ढकने की क्रिया का वर्णन करता है जिसमें बालों को कवर किया जाता है। कुरान में हिजाब का मतलब बालों के पर्दे से है, जो किसी भी तरह की बंदिशों से आजाद है। इसे पहनकर एक मुस्लिम महिला हर काम आसानी से कर सकती है। वो जॉब कर सकती है.. पढ़ सकती है.. जरूरत पड़ने पर एक घर को संभाल सकती है। हालांकि, यह पर्दे का चलन आपको कई अन्य धर्म जैसे कि ईसाई और यहूदी धर्म में भी देखने को मिलता है।

**हिजाब पहनना क्यों जरूरी है?**

आइए अब बात करते हैं कि हिजाब पहनना क्यों जरूरी है। बता दें इस बात का जिक्र इस्लामिक किताब 'कुरान शरीफ' में विस्तार से किया गया है। हिजाब पहनना इसलिए जरूरी है क्योंकि अल्लाह का यह कहना है कि एक औरत अपने पति के अलावा किसी भी पराए मर्द को अपनी खूबसूरती नहीं दिखा सकती। इसलिए सभी लड़कियां या महिलाएं अपने बाल और जिस्म को छुपाकर रखें।

**क्या पुरुष के लिए नहीं है कोई नियम?**

हमारे ज़हन में यह बात आना लाज़मी है कि आखिर सारे नियम, सारे कायदे-कानून एक महिला के लिए ही क्यों होते है। हिजाब को लेकर भी महिलाओं के लिए यही कायदे और कानून....। (भारतीय राजकुमारी नूर इनायत) मगर आपको जानकर हैरानी होगी कि इस्लाम की किताब कुरान में पर्दा करने का ज़िक्र पहले एक आदमी को है और यह पर्दा नज़रों का है.. पाकीज़ नियत का है। इसके बाद ही महिलाओं को पर्दा करने का हुक्म आया।

**हिजाब और बुर्के में क्या है अंतर ?**

जिस तरह से बालों को हिजाब से ढका जाता है। उसी तरह से बुर्का पूरे शरीर को ढकने के लिए बनाई गई एक पोषाक है। इस पोशाक में आस्तीन, गला से लेकर पैर आदि तक, तमाम हिस्से पूरी तरह से ढक जाते हैं।

वहीं, चेहरे को ढकने के लिए जिस कपड़े का इस्तेमाल किया जाता है, उसे नकाब कहा जाता है।

**हिजाब का इतिहास क्या है ?**

यह तो तय है कि हिजाब मुस्लिम धर्म के साथ ही शुरू हुआ है। CNN की रिपोर्ट के हिसाब से हिजाब के साक्ष्य मेसोपोटामिया सभ्यता में देखने को भी मिलते हैं। माना जाता है कि शुरुआती दौर में बारिश और धूप से बचने के लिए कपड़े से सिर ढका जाता था और इससे सुरक्षा भी होती है। अब तो हिजाब कामकाजी महिलाओं के बीच लोकप्रिय हो गया जो खुद को इसमें धार्मिक और आधुनिक दोनों स्तर पाती हैं। (जानें हिजाब के इतिहास के बारे में)

**हिजाब कितने देशों में प्रतिबंधित है?**

हिजाब कई देशों में बैन कर दिया गया है। इस देशों की लिस्ट में ट्यूनीशिया, ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, फ्रांस, बेल्जियम, ताजिकिस्तान, बुल्गारिया, कैमेरून, चेड, जर्मनी, कनाडा, कांगो, गबोन, नीदरलैंड, चीन, मोरक्को, अज़रबैजान, लेबनान, इजिप्ट, सीरिया श्रीलंका और स्विट्जरलैंड जैसे देश शामिल है। ईरान में तो हिजाब को लेकर तानाशाही सरकार के खिलाफ विरोध हुआ।

# नौकरशाही में प्रवेश के बदलाव के मायने

हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग ने बिना आइएएस की परीक्षा पास किये निजी व बहुराष्ट्रीय कम्पनियों, राज्य सरकारों तथा सार्वजनिक उपक्रमों काम करने वाले अनुभवी लोगों के लिए 45 पदों पर भर्तियां निकाली है जिनमें किसी प्रकार का कोई आरक्षण नहीं है। केंद्र सरकार ने नौकरशाही में प्रवेश को लेकर जो बदलाव किये हैं उसने बहुत सी नई बातों को जन्म दिया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा जो कि इंडियन सिविल सर्विस का ही बदला हुआ रूप है, भारत की सर्वोच्च नागरिक सेवा है जो देश के लिये नौकरशाह तैयार करती रही है। यही नौकरशाह सही मायनों में देश चलाते हैं।

निजी क्षेत्र में दलित समाज के लोगों के साथ जो दोयम दर्जे का व्यवहार होता आया है, वह किसी से छिपा नही है। यह आज भी जारी है और अनुसूचित जाति जनजाति के युवाओं को इससे कभी न कभी दो-चार होना ही पड़ता है। जब अनुसूचित जाति जनजाति के युवाओं को प्राईवेट कम्पनियों में एण्ट्री ही नहीं दी जाती है (अगर जाति छिपाकर नौकरी कर पाने में सफल हो जाते है तो बात अलग है) या इस प्रकार प्रताड़ित किया जाता है कि वह टिक ही नहीं पाये, तो फिर कैसे उच्च पदों पर पंहुचेंगे ? फिर लेट्रल एण्ट्री द्वारा प्रशासनिक सेवाओं में लिये जाने का तो सवाल ही नहीं उठता है। मतलब यह कि जो बदलाव किया गया है वह हमारे किसी काम का नहीं। यह केवल उनके लिये है जो अम्बानी, आड़ानी, टाटा, बिरला, मोदी, डालमिया, बजाज आदि के ग्रुपों में उच्चतम पदों पर हैं। यह हमारे आरक्षण को सीधे-सीधे समाप्त कर रहा हैं

दूसरा दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि आज भारत को स्वतंत्र हुए 75 साल से अधिक हो गये हैं लेकिन हम अभी तक भी साम्प्रदायिकता, पंथवाद, रिश्वतखोरी, भाई-भतीजावाद, पार्टीवाद व जातिवाद से मुक्ति नहीं पा सके हैं। फिर लेट्रल एण्ट्री द्वारा निष्पक्ष रूप से भर्ती को कैसे सही ठहराया जा सकता है ? भले ही भर्ती यूपीएससी के माध्यम से हो, लेकिन सत्ताधारी पार्टी के इशारे पर भर्ती नहीं की जायेगी, इसकी क्या गारण्टी होगी? आज जिस पार्टी की सरकार है वह अपनी सपोर्टर कम्पनी या उद्योग से उच्च अधिकारी लेगी, कल किसी दूसरी पार्टी की सरकार होगी तो वह अपनी सपोर्टर कम्पनी या उद्योग से उच्च अधिकारी लेगी। यह बिलकुल उसी तरह नहीं हो जायेगा जिस तरह की नीति चुनावों के वक्त टिकट देने में अपनाई जाती है? मैं सरकार के इस फैसले की मीन मेख नहीं निकाल रहा हूँ बल्कि यह कहना चाहता हूँ कि यदि इस प्रकार कुल 100 भर्तियां की जाती हैं तो रोस्टर के अनुसार आरक्षित वर्ग के लिये 16, 12 और 27 पद होने चाहिये जो कि दलित समाज से मिलिंद काम्बले जैसी हस्तियों को लेकर भरे जा सकते हैं। इसी प्रकार साहित्य, कला और पत्रकारिता जगत से नामी-गिरामी हस्तियों को लिया जा सकता है।

इसके अलावा यह आशंका भी निराधार नहीं है कि इस नियम के जरिये प्राईवेट कम्पनियां अपने उच्च अधिकारियों को प्रशासन में प्रविष्ठ नहीं करवायेगी और अपने मनचाहे कार्य करवाने के साथ-साथ नियमों में कम्पनी के हितों वाले बदलाव नहीं करवायेगी। सन 1958 में 500 रु. की पूंजी लगाकर धीरूभाई अम्बानी ने जिस रिलायंस इण्डस्ट्रीज को खड़ा किया, उसे शिखर तक पंहुचाने में किस-किस तरह से साम, दाम, दण्ड और भेद का उपयोग कर कानून तक में बदलाव करवाये गये, यह जानकारों से छिपा नहीं है। जो कार्य अब तक किसी अन्य अधिकारी के जरिये करवाये जाते थे, अब उनको करने के लिये कम्पनी स्वयं के अधिकारी शासन-प्रशासन में बैठे हैं! इसके अलावा प्राईवेट सेक्टर में कार्य करने वाले अधिकारियों की सोच का दायरा मात्र कम्पनी और आर्थिक जगत के आसपास होता है। अधिक से अधिक एचआरडी विभाग वाले श्रम कल्याण सम्बन्धी कार्य करवाते रहते हैं। इससे अधिक जनहित की इनकी सोच नहीं होती है। जबकि प्रशासनिक सेवा के अधिकारी को परीक्षा पास करने के समय ही देश के इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, कला, स्थानीय रीति-रिवाज और नागरिकों की दशा आदि की पूरी जानकारी हो जाती है और वे शासन की नीतियों को इस प्रकार लागू करवाते है कि जनता का अधिक से अधिक भला हो।

प्राइवेट कम्पनी किसी भी व्यक्ति को तभी नौकरी देगी जब वह आश्वस्त हो कि यह कुछ कमा कर ही देगा। जनहित से इनका सरोकार नहीं के बराबर होता है। अब जो अधिकारी चुने जायेंगे, वे अपने नियोक्ता (या जिसके द्वारा आये हैं) का ध्यान तो रखेंगे ही और उसी को फायदा पँहुचायेंगे भी। जनहित के फैसले ये नहीं ले पायेंगे और न ही उन फैसलों पर अडिग रह पायेंगे जिस प्रकार लोक सेवा आयोग से चुनकर आने वाले अधिकारी रह पाते हैं। मुझे याद है कि नो पार्किंग जोन में खड़ी प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी की कार को तत्कालीन ट्रैफिक अधिकारी श्रीमति किरण बेदी (आइपीएस अधिकारी) ने क्रेन द्वारा उठवा लिया था। बाद में भले ही उसका परिणाम चाहे जो रहा हो, लेकिन यह घटना एक मिसाल बन गयी कि अगर दिल्ली में गलत स्थान पर कोई वाहन खड़ा करेगा तो उसका यही हाल होगा। क्या नियम पालन में ऐसी दृढ़ता ये अधिकारी दिखा पायेंगे ?

अगर ये तीन साल अथवा पाँच साल सेवा के बदले शेष जीवनभर पेंशन लेंगे तो यह भी अनुचित ही होगा, ठीक उसी तरह जिस तरह कि जनप्रतिनिधी मात्र एक बार चुने जाने से ही पेंशन के हकदार हो जाते हैं।

अतः भले ही इन अधिकारियों को सरकारी कार्य हेतु चुन लिया जाये, पर जनहित और देशहित को सर्वोपरि रखा जाना चाहिये। वैसे भी निजीकरण के इस दौर में सरकारों का बोझ काफी कुछ हल्का हो चुका है क्योंकि कई महकमों का निजीकरण हो चुका है और कई विभागों के समानान्तर निजी लोग सेवायें दे रहे हैं। आरक्षण को कई प्रकार से हटाया जा रहा है, जिनमें से एक तरीका यह है और दूसरा तरीका आरक्षण में आरक्षण अर्थात क्रीमीलेयर घोषित करना है। क्रीमीलेयर घोषित करने के बजाय सरकारः-

1. दलित विद्यार्थियों के लिये गुणवतापूर्ण और सस्ती शिक्षा का प्रबन्ध करे,

2. इनकी बस्तियों में किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का क्रय-विक्रय तथा सेवन अपराध घोषित करे 3. प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह करे और उच्च शिक्षा में आने वाली बाधाओं को दूर करे, 4. संविधानगत जो आरक्षण मिला है, उसे ईमानदारी से लागू करे।

**-श्याम सुन्दर बैरवा**

# दोपहर में सोने का मन क्यों करता है : 5 से 30 मिनट की नैप में जादू, लेकिन इससे ज्यादा सोना नुकसानदायक

दोपहर के खाने के बाद हमें जोर का आलस आता है। मन करता है कि बस कुछ देर की नींद मिल जाए। यह सच भी है कि दोपहर में खाने के बाद कुछ मिनटों की नींद गजब का सुकून दे सकती है।

घर में दादी-नानी ने आपको कभी-न-कभी दोपहर के खाने के बाद कुछ देर आराम करने की सलाह जरूर दी होगी। असल में दोपहर में कुछ मिनटों की नींद हमारी परंपरा का हिस्सा रही है। दुनिया की सभी सभ्यताओं में इस परंपरा के संकेत मिलते हैं। अब तो कई साइंस स्टडी और रिसर्च भी इस बात की पुष्टि कर रही है कि दोपहर की थोड़ी नींद एक जादुई थेरेपी की तरह है

जर्नल ऑफ क्लिनिकल स्लीप मेडिसिन में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, लंच के बाद रोज 15 मिनट की नैप से हमारी अलर्टनेस, रचनात्मकता और हार्ट हेल्थ में सुधार होता है।

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश साल 2023 की एक स्टडी के मुताबिक, दोपहर में 5 से 30 मिनट की नैप मस्तिष्क को इंफॉर्मेशन ओवरलोड से बचाती है। इससे स्ट्रेस दूर होता है और मूड बेहतर होता है। इसके अलावा नैप लेने के बाद किसी जानकारी को प्रोसेस करने और स्टोर करने में भी आसानी होती है।

हालांकि इस स्टडी में यह भी पाया गया कि जो लोग हल्की नैप न लेकर 1 घंटे से ज्यादा सो रहे थे, उन्हें फायदे की जगह कई नुकसान हो गए।

आज 'सेहतनामा' में बात करेंगे नैप यानी झपकी की। साथ ही जानेंगे कि-

- **इसके क्या फायदे होते हैं?**
- **नैप लेने का सही तरीका और समय क्या है?**
- **क्या इसके कुछ नुकसान भी हो सकते हैं?**

**दिन में नैप लेने के क्या फायदे हैं**

अगर सही तरीके से नैप ली जा रही है तो इसके कई फायदे हो सकते हैं। कुछ मिनटों की नींद हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बूस्ट कर सकती है। नेशनल स्लीप फाउंडेशन के मुताबिक, एक अच्छी नैप कॉफी पीने से कहीं अधिक फायदेमंद होती है। इससे क्या-क्या फायदे होते हैं, आइए ग्राफिक में देखते हैं।

**कॉग्निटिव फंक्शन बेहतर होता है**

एक पावर नैप लेने के बाद हम अधिक अलर्ट महसूस करते हैं। इसका फायदा ये होता है कि हमारा मस्तिष्क अधिक कुशलता से कार्य कर पाता है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, नैप लेने से मस्तिष्क में एडेनोसिन का लेवल कम हो जाता है। एडेनोसिन एक न्यूरोट्रांसमीटर है, जिससे हमें नींद और आलस का एहसास होता है। इसके कम होने से अलर्टनेस और कॉग्निटिव फंक्शन बेहतर हो जाता है।

**मेमोरी पॉवर बढ़ती है**

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, नैप हमारी मेमोरी को संजोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक नैप दिन में सीखी गई चीजों को याद रखने में उतनी ही मदद कर सकती है, जितनी रात की नींद करती है। इससे मोटर स्किल्स और मेमोरी बेहतर होती है। अगर कोई दिन में पढ़ाई करता है तो नैप बेहद फायदेमंद साबित हो सकती है।

**स्ट्रेस कम होता है, हार्ट हेल्थ सुधरती है**

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, जो लोग प्रतिदिन 20 से 30 मिनट की नैप लेते हैं, उन्हें मानसिक तनाव की आशंका कम होती है। इन लोगों का ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहता है। इससे शरीर को राहत मिलती है और हार्ट हेल्थ बेहतर रहती है।

**क्रिएटिविटी बढ़ती है**

दुनिया के सबसे अच्छे लेखकों और कलाकारों को सबसे रचनात्मक विचार अपनी नींद के दौरान आए। असल में नींद के दौरान हमें सपने भी इसीलिए आते हैं। ये हमारी क्रिएटिविटी का ही हिस्सा हैं। एक अच्छी नैप के बाद क्रिएटिविटी कई गुना बढ़ जाती है।

**मूड बेहतर होता है**

स्लीप फाउंडेशन के मुताबिक, अगर कोई उदास महसूस कर रहा है तो हो सकता है कि उसका मूड ऑफ हो। ऐसे में एक नैप से हमारा मूड बेहतर हो सकता है। इससे हमें खुद में उत्साह की अनुभूति होती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर दिन में लेटने पर नींद नहीं आ रही है तो माइंडफुल ब्रीदिंग से भी मूड बूस्ट हो सकता है।

**इम्यून सिस्टम मजबूत होता है**

नींद के दौरान हमारे शरीर और दिमाग के काम करने का तरीका एकदम अलग होता है। शरीर इसे अपनी मरम्मत का समय मानता है। जागने के दौरान शारीरिक और मानसिक जो भी बिगाड़ हुआ है, उसमें सुधार होता है। संभावित खतरों का आकलन करके उनसे लड़ने की तैयारी होती है। नैप के दौरान हमारे गट बैक्टीरिया की ताकत भी बढ़ जाती है। इसलिए अच्छी नींद को इम्यूनिटी बूस्टर माना जाता है। गट बैक्टीरिया की पॉवर बढ़ने से पाचन तंत्र भी सुधरता है

**नैप हो सिर्फ 20 से 30 मिनट की**

एक अच्छी नैप बहुत लंबी नहीं होनी चाहिए। इसके अच्छे फायदों के लिए जरूरी है कि यह 30 मिनट से कम समय की हो। लेकिन सवाल उठता है कि 30 मिनट के अंदर कैसे उठें।

**ऐसे मिलेगा नैप का सबसे ज्यादा फायदा**

अमेरिकन बोर्ड ऑफ डेंटल स्लीप मेडिसिन और अमेरिकन स्लीप एंड ब्रीथिंग एकेडमी द्वारा प्रमाणित स्लीप एक्सपर्ट जेफ रॉजर्स ने इसके लिए कुछ तरीके सुझाए हैं।

- जेफ रॉजर्स के मुताबिक, दोपहर 1 से 3 बजे के बीच का समय नैप लेने के लिए सबसे अच्छा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इस दौरान इंसान प्राकृतिक रूप से सबसे कम ऊर्जावान महसूस करते हैं। अगर कोई इससे पहले झपकी लेने की कोशिश करता है तो संभव है कि उसका शरीर नींद के लिए तैयार नहीं होगा। ठीक इसी तरह इस समय के बाद अगर कोई नैप लेने की कोशिश करता है तो यह नैप रात की नींद में खलल बन सकती है।
- हमें नैप के लिए ठीक वैसा ही इनवायरमेंट बनाना चाहिए जैसा हम रात की नींद के लिए करते हैं। कमरे में जितना संभव हो सके, उतना अंधेरा करें। उसे ठंडा और शांत बनाएं। इससे भी अधिक कुछ कर सकते हैं तो आई मास्क पहनने से और बेहतर नींद आएगी।
- अगर किसी को नैप लेने के बाद उठने में समस्या होती है तो उसे बेड की बजाय सोफे या कुर्सी पर झपकी लेनी चाहिए। इससे हमें आधे घंटे के भीतर उठने में मदद मिलेगी।
- सबसे अच्छे परिणाम के लिए नैप से ठीक पहले एक कप कॉफी पी सकते हैं। इससे यह होगा कि नैप के बाद उठने पर तो ताजगी मिलेगी, साथ ही उस समय तक कैफीन का असर भी शुरू हो चुका होता है। ऐसा करने से नैप के बाद आप बहुत प्रोडक्टिव फील करेंगे। हालांकि शाम को नैप और कॉफी लेने से बचना चाहिए। इससे रात में नींद आने में दिक्कत हो सकती है।

नाइट शिफ्ट में काम करने वाले रात में भी ले सकते हैं नैप

हमारी प्राकृतिक घड़ी (सर्केडियन क्लॉक) सूरज ढलने और अंधेरा घिरने के साथ नींद का एहसास करने लगती है। ऐसे में अगर कोई नाइट शिफ्ट में काम कर रहा है तो उसे इस दौरान बार-बार नींद का एहसास होता रहता है। ऐसे लोग लो एनर्जी फील करने पर रात में भी नैप ले सकते हैं।

- अच्छी प्रोडक्टिविटी और बेहतर कॉग्निटिव फंक्शन के लिए काम के बीच में कभी भी 15 से 20 मिनट की नैप ले सकते हैं।
- सोकर उठने के 4 घंटे बाद तक या सोने जाने के समय के बहुत करीब नैप लेने से बचना चाहिए।
- हम अपनी नैप का टाइम अपने काम की टाइमिंग के हिसाब से तय कर सकते हैं। अगर रात में 9 से 5 बजे की शिफ्ट में काम कर रहे हैं तो रात के 1 से 3 बजे के बीच का समय नैप के लिए मुफीद होगा।

मुस्लिम रिश्ते

रॉयल पत्रिका साप्ताहिक में मुस्लिम रिश्तों में विज्ञापन देने हेतु संपर्क करें -

मोबाइल: 9772552446, 9799559096

• सुन्नी मुस्लिम युवक 45/5.7"/ पोस्ट ग्रेजुएट/होम गार्ड में कार्यरत तलाकशुदा जयपुर निवासी हेतु दीनदार, पढ़ी-लिखी, घर के काम में दक्ष युवती चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य। संपर्क करें 8306725799

• Beautiful Muslim Sunni Pathan (Yusufzai) girls 22/5.3"/Convent Educated & currently pursuing B.H.M.S./ & other 20/5.5"/ Convent Educated & currently pursuing B.A. in Phycology & English Lit./ Father retired from Pvt. Company and at present doing E-Mitra work. Both girls are Hijabi, 5 times Namazi, fully religious homely girls from well educated and reputed Shahjahanpur (U. P.) based family currently living in Ajmer. Needs suitable, well educated and settled boys from Muslim Sayed/Pathan caste families.
Contact:
Mobile- 98287 34281

• खूबसूरत अंसारी लड़कियां 32/ 5.4"/B.Tech; इंजीनियर/ ट्रांसफार्मर कंपनी में सीनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत व 29/5.6"/M. Com; MBA/ जयपुर सेज में सीनियर एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत। दोनों दीनी तालीम याफ्ता, जयपुर की पढ़ी-लिखी रेप्यूटेड फैमिली हेतु पढ़े-लिखे, बिजनेसमेन/सरकारी ऑफिसर अच्छी रेप्यूटेड फैमिली के लड़के चाहिए।
संपर्क: 9828048966/ 9166117743

• Beautiful Muslim girl 32/5.5"/MJMC/PGDCA/ presently working as a Bank Officer/Father retired Govt. Officer, reputed family of Sawai Madhopur. Needs religious well settled, Govt Officer/ Businessman from reputed family. Early Marriage.
Interested please Contact: Mo- bile- 8302114075/8209325917

• 47/6.1"/सिविल इंजीनियर/ तलाकशुदा/ वार्षिक आय 3.5 लाख/ मुस्लिम पठान, जयपुर निवासी आदमी के लिए दीनदार, घरेलू, पढ़ी-लिखी जीवन साथी चाहिए, तलाकशुदा भी मान्य।
संपर्क:
मोबाइल- 8209336198

28/5.8"/बीएससी; बी. टेक/ व्यवसाय टीचिंग/टोंक निवासी प्रतिष्ठित फैमिली के मुस्लिम युवक हेतु सुंदर, पढ़ी-लिखी, दीनदार, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की चाहिए।
संपर्क: मोबाइल- 8769654230

.जयपुर निवासी 25 वर्षीय/बी.ए./ तलाकशुदा (3 वर्ष की बच्ची है)/ दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष मुस्लिम लड़की हेतु दीनदार, नमाज़ी, नौकरीपेशा/ बिजनेसमैन राजस्थानी लड़का चाहिए। इच्छुक सम्पर्क करें- मोबाइल: 98294 43086/97725 52446.

•जयपुर निवासी 25/5'.4"/ M.Sc. B.ed/ पठान लड़की/ गवर्नमेंट में अध्यापिका के पद पर कार्यरत हेतु पढ़े-लिखे गवर्मेंट ऑफिसर/ नौकरीपेशा/बिजनेस मैन लड़का जो शेख/सैयद/पठान खानदान से ताल्लुक रखता हो। संपर्क करें - मोबाइल नंबर: 7223023871

•हनफी अंसारी सुन्नी मुस्लिम डॉक्टर 28/5.5"/BHMS/खुद की क्लिनिक/जयपुर निवासी हेतु ग्रेजुएट, दीनी तालीम याफ्ता, घरेलू कार्य में दक्ष लड़की चाहिए। सम्पर्क: 7976464322/9772552446

.35/5.2"/B.Sc./Fair colour/ Deeni Taleem yafta Divorced Sunni Muslim girl from educated, reputed family of Jaipur. Presently doing tution job at home. Need educated, settled religious groom. Early Marriage. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9352666093/9772552446

.Sunni Muslim girl 37/5.6"/M.A; MBA/Divorced (No issue)/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious suitable man from reputed family from Sayed / Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/ Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9314720003/9772552446

• Beautiful Pathan girl 34/M. Tech (Computer Science), Sr. Database Administrator and Software Developer, Finance Department of Secretariat Government of Rajasthan (Pvt basis). Father retired Govt. Officer, well educated and reputed family of Tonk. Needs well educated, settled and religious boy from Jaipur based family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile: 9772552446/9799559096

• Hanafi Sunni Muslim beautiful girl 25/5.5". Education Qualification: Masters in Litrature and PG Diploma in Digital Marketing. Father Govt officer. Well educated and reputed family of Bhilwara. Need well educated, religious, settled boy from reputed family. Contact Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

. 23/5.4"/एम. कॉम; आई टी आई (ड्रेस मेकिंग) व RSCIT कोर्स, दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत जयपुर निवासी अंसारी लड़की। वालिद कॉन्ट्रेक्टर- फेब्रिकेशन वर्क हेतु दीनी, पढ़ा- लिखा खूबसूरत नौकरीपेशा/बिजनेसमैन अच्छे परिवार का लड़का। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल नं. 9772552446/9799559096

• Sunni Muslim girl 32/5.8"/M.A; LLB, Perusing LLM/Deeni Taleem Yafta from well educated and reputed family of Jodhpur. Need well educated, settled and religious boy from reputed family from Sayed / Sheikh or Pathan of Udaipur/Jodhpur/Ajmer/ Jaipur based boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• आगरा निवासी लड़की 28/5.5"/बी. एससी/ खूबसूरत, रंग फेयर, दीनी तालीम याफ्ता, वालिद बिजनिसमैन। रेप्यूटेड पढ़ी-लिखी सुन्नी मुस्लिम सिद्दीक़ी फैमिली हेतु सुंदर, पढ़े-लिखे, बिजनिसमैन/नौकरीपेशा अच्छे खानदान से ताल्लुक रखने वाले लड़के की। संपर्क- रॉयल पत्रिका ऑफिस, जयपुर। ph . 9772552446, 9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim girl 31/B. Tech/Beautiful, Deeni Taleem Yafta. Father retired Govt. Officer. Needs well educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• Sunni Ansari Muslim Jaipur based divorced girl 37/M.A; B.ed/Deeni Taleem Yafta. Need suitable educated, settled religious boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446 /9799559096

• Sunni Muslim boy 30/5.10"/80 kg. weight/ Master in Criminology with Gold Medal/own business. Father retired as Dean from Veterinary College. Home town in Tonk, living in Palanpur, Gujarat, well educated, reputed and well settled small family. Need suitable homely, religious, educated girl from reputed family. Preference to Tonk based girl. Contact: Mobile : 9772552446, 9799559096

• Jaipur based Sunni Muslim boy 28/5.8" M.Com and B. PEd degree English medium. At present Tennis Coach in Pvt School, Father businessman, well settled and educated family. Needs Jaipur based homely religious girl . Contact: Mobile : 8107860666

• Udaipur based Syed/ Siddiqui girl 28/5.4"/ B.Tech (Electronics & Communication Engineering) Convent educated, working in Bank as Manager (Central Govt. job transferrable all over India), Annual package 8.00 lakh. Father Addl. Director in Govt. Deptt. and Mother Govt. Teacher (Taken VRS). Well reputed and educated family. Needs suitable religious Muslim boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446, 9799559096.

• जयपुर निवासी सुन्नी सैयद मुस्लिम लड़की 27/5.2" एम.ए. (पॉलिटिकल साइंस), दीनी तालीम याफ्ता खूबसूरत, घरेलू कार्य में दक्ष, वालिद एडवोकेट- नोटरी पब्लिक, प्रतिष्ठित पढ़ी लिखी, स्माल फैमिली हेतु पढ़े लिखे नौकरीपेशा/बिजनिसमैन सुयोग्य युवक चाहिए। जयपुर निवासी को प्राथमिकता। इच्छुक संपर्क करें : 9772552446, 9799559096

• चुरू (राजस्थान) निवासी सुन्नी मुस्लिम दीनी तालीम याफ्ता लड़की 23/5.2" एम. एससी. (फिजिक्स), रंग फेयर, बैंक एक्जाम की तैयारी कर रही हेतु सुयोग्य, पढ़े - लिखे व सेटल्ड मुस्लिम युवक को प्राथमिकता। इच्छुक संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाईल : 9772552446, 9799559096

• Udaipur based Sunni Muslim Siddiqui smart boy 30/6'4"/90 weight kg; MBA, complexion fair, job in UAE Bank as Customer Relationship Officer. Need beautiful, well educated, homely cultural & religious girl. Contact : Royal Patrika office, Jaipur Mob : 9772552446, 9799559096

• Nasirabad based Sunni Muslim religious & moral ethics boy 32/5'5 weight 72 kg. Diploma in Information Tech; Diploma in Automobile Engineering. Occupation: Integrated Organic Agro and Poultry Farming. Father Dy. Director (Retd) from Military Engineer Service. Needs beautiful, Caring, Compassionate, Sensitive,
Homely, Cultured & Religious girl for well educated family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• सुन्नी मुस्लिम नसीराबाद निवासी फेयर व सुंदर लड़का 28/5'11"/ बी ए ; होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा, स्वयं की ट्रांसपोर्ट कंपनी आय 2/2.5 लाख प्रति माह। फादर बिजनेसमैन, मदर का स्वयं का लेडीज गारमेंट्स, किड्स क्लोथ्स शोरूम हेतु सुंदर, सुशील पढ़ी लिखी लड़की चाहिए। संपर्क- रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

• 28/5'5" B.A, B.ed. divorced, no issue. Father Retd. Sr. Dy. DEO, Mother Retd. Librarian. Jaipur based educated Syed Sunni Muslim family. Needs educated, well settled boy. Contact : Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• Suitable match for Jaipur based Syed girl 22/5'3" B. A. And Deeni Taleem Yafta sister (married). Contact: Royal Patrika office. Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• Ajmer based Sunni Muslim Pathan boy 31/5.9"/B.Sc; Bio Tech & Hotel Management Diploma/63 kg. weight/Own Business. Needs suitable religious, homely, educated girl from reputed family. Preference to Pathan, Sheikh & Syed caste. Contact: Royal Patrika Office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096

• सीकर निवासी मुस्लिम युवक 40/5.6" वाटर प्रूफिंग ठेकेदार के लिए 30 से 35 साल की दीनी, घरेलू , तलाकशुदा/विधवा को प्राथमिकता। इच्छुक मय बायो डाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर । मोबाइल : 9772552446/ 9799559096

• Suitable match for Jaipur based Sunni Pathan girl 32/5'4" B.Com; CS Inter completed, Deeni Taleem Yafta. Educated small family. Father retired from JDA. Needs well settled, educated boy. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Ph. 9772552446, 9799559096

• 29/5.3 " पोस्ट ग्रेजुएट व 26/5.3" ग्रेजुएट दीनी तालीम आफता व नमाजी रेप्यूटेड फैमिली जयपुर निवासी, दोनों बैंक में कार्यरत मुस्लिम (सैयद ) युवकों के लिए खूबसूरत दीनी तालीम के साथ-साथ ग्रेजुएट व घर के काम मे दक्ष लड़कियां | बायोडाटा सहित संपर्क करें - रॉयल पत्रिका कार्यालय,जयपुर। Ph. 9772552446, 9799559096

• खूबसूरत अंसारी लड़की 33/5'/एम ए/ तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, जयपुर निवासी हेतु सुयोग्य पढ़े लिखे अच्छे फैमिली का लड़का। इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल : 9887910863/9772552446

•खूबसूरत अंसारी लड़की 27/5.5"/पोस्ट ग्रेजुएट/ तलाकशुदा/ दीनी तालीम याफ्ता, घर के कामों में माहिर, सरकारी जॉब की तैयारी, पढ़ी-लिखी जयपुर की प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य पढ़े-लिखे अच्छे फैमिली का लड़का। इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल : 9887910863/9772552446

• Hanafi Sunni Muslim smart boy 28/5.8"/MBA; B. Tech (Civil Engineer)/Own Business. Father Govt. Officer. Well educated and Reputed family of Bhilwara. Needs well educated, homely girl from reputed family. Contact: Royal Patrika office, Jaipur. Mobile : 9772552446/9799559096.

•मुस्लिम कायमखानी युवती 25/ बीयूएमएस, फार्मेसी में डिप्लोमा/ वर्तमान में राजकीय चिकित्सा अधिकारी, वालिद वरिष्ठ राजकीय नर्सिंग अधिकारी, सीकर की पढ़ी-लिखी, प्रतिष्ठित फैमिली हेतु सुयोग्य लड़का, राजकीय सेवारत अधिकारी को प्राथमिकता। इच्छुक सम्पर्क करें: रॉयल पत्रिका कार्यालय, जयपुर। मोबाइल : 9414288231/9772552446

# अगले पांच सालों में 75,000 मेडिकल सीट बढ़ेंगी : पीएम मोदी

## - ऐसी शिक्षा प्रणाली बनेगी, जिससे युवाओं को पढ़ने विदेश न जाना पड़े



नई दिल्ली। 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार लाल किले की प्राचीर से भाषण के दौरान कहा कि अगले पांच वर्षों में 75,000 और मेडिकल सीट सृजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश में ऐसी शिक्षा प्रणाली बनाना चाहती है, जिससे युवाओं को पढ़ाई के लिए विदेश न जाना पड़े।

**विदेशों में मेडिकल शिक्षा पर लाखों करोड़ रुपये खर्च करते हैं मध्यम वर्ग के बच्चे**

राष्ट्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, 'आज भी बच्चे, जिनमें ज्यादातर मध्यम वर्ग के हैं, मेडिकल एजुकेशन के लिए विदेश जा रहे हैं। हर साल लगभग 25 हजार युवा मेडिकल की पढ़ाई के लिए विदेश जाते हैं। वे विदेशों में मेडिकल शिक्षा पर लाखों करोड़ रुपये खर्च करते हैं।'

**विदेशी छात्र यहां आएं और पढ़ाई करें**

पीएम मोदी ने कहा कि देश के युवा पढ़ने के लिए ऐसे-ऐसे देशों में जाते हैं जिसे सुन कर उन्हें हैरानी होती है। वास्तव में हम चाहते हैं कि विदेशी छात्र यहां आएं और पढ़ाई करें। हमने पिछले 10 साल में मेडिकल सीटों को करीब-करीब एक लाख कर दिया।

**अगले पांच वर्षों में मेडिकल क्षेत्र में 75,000 नई सीटें सृजित की जाएंगी**

मोदी ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि विकसित भारत के साथ ही हमें स्वस्थ भारत बनाना होगा। उन्होंने आगे कहा, "इसलिए हमने फैसला किया है कि अगले पांच वर्षों में मेडिकल क्षेत्र में 75,000 नई सीटें सृजित की जाएंगी।"

# टाइपिंग टेस्ट में दिव्यांगों को अलग से छूट नहीं

## -सूचना सहायक भर्ती का मामला

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित हो रही सूचना सहायक भर्ती के टाइपिंग टेस्ट में दिव्यांग केटेगरी के अभ्यर्थियों को अलग से छूट नहीं है। उन्हें सामान्य अभ्यर्थियों की तरह के टाइपिंग टेस्ट में शामिल होना होगा। सामान्य अभ्यर्थियों को हिंदी और अंग्रेजी की टाइपिंग के लिए 15-15 मिनट दिए जाएंगे। दिव्यांग कैटेगरी के अभ्यर्थियों को भी 15-15 मिनट ही मिलेंगे, जबकि कई अन्य भर्तियों में उन्हें छूट मिलती है। टोंक फाटक निवासी आनंद अरोडा का कहना है कि बोर्ड दिव्यांग अभ्यर्थियों को राहत नहीं दे रहा है। हर भर्ती में दिव्यांग केटेगरी के अभ्यर्थियों को अतिरिक्त समय दिया जाता है। इस टाइपिंग टेस्ट में भी दिव्यांग अभ्यर्थियों को हिंदी और अंग्रेजी में 5-5 मिनट अतिरिक्त दिए जाएं यानि उन्हें 20-20 मिनट का समय दिया जाए। ताकि वे आसानी से अपनी टाइपिंग कर सकें और उनका सरकारी नौकरी पाने का सपना साकार हो सके।

# सहायक अभियंता के 1014 पदों के आवेदन 14 अगस्त से शुरू

अजमेर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने राज्य अभियांत्रिकी सेवाओं के तहत सहायक अभियंता भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। अभ्यर्थी बुधवार 14अगस्त से आवेदन कर सकेंगे। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि सहायक अभियंता के 1014 पदों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है। इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन 14 अगस्त से 12 सितंबर, 2024 की रात्रि 12 बजे तक किए जा सकेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# रेलवे में 1376 पदों पर निकली भर्ती

## -17 अगस्त से शुरू आवेदन, 43 साल तक के उम्मीदवारों को मौका

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :** संबंधित विषय में ग्रेजुएशन की डिग्री या डिप्लोमा।

ये भर्तियां डाइटिशियन, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, डेंटल हाइजीनिस्ट, ऑक्यूपेशनल थैरेपिस्ट, स्पीच थैरेपिस्ट, ईसीजी टेक्नीशियन, फील्ड वर्कर, ऑप्टोमेट्रिस्ट टेक्नीशियन, रेडियोग्राफर, टेक्नीशियन, लैबोरेटरी असिस्टेंट आदि पदों पर की जाएंगी।

**आयु सीमा :** 18 से 43 साल के बीच।

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
•सीबीटी परीक्षा
•डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
•मेडिकल टेस्ट

**सैलरी :** पद के अनुसार 19,900-44,900 रुपए प्रतिमाह।

**जरूरी डॉक्यूमेंट्स :**




•आधार कार्ड
•10वीं की मार्कशीट
•12वीं की मार्कशीट
•ग्रेजुएशन की मार्कशीट
•पद के अनुसार जरूरी डिग्री/ डिप्लोमा
•जाति प्रमाण पत्र
•पासपोर्ट साइज की फोटो
•मोबाइल नंबर
•ईमेल आईडी
•सिग्नेचर और लेफ्ट थंब का निशान

**ऐसे करें आवेदन :**
•ऑफिशियल वेबसाइट rrbapply.gov.in पर जाएं।
• जूनियर इंजीनियर भर्ती 2024 के लिए "ऑनलाइन आवेदन करें" लिंक पर क्लिक करें।
•ऑनलाइन अप्लाई के विकल्प पर क्लिक करें।
•आवेदन फार्म में मांगी गई सभी जानकारी दर्ज करें।
•जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
•फीस का भुगतान करके फॉर्म सब्मिट करें।
•इसका प्रिंट आउट लेकर रखें।

रॉयल पत्रिका

जयपुर से प्रकाशित होने वाले "रॉयल पत्रिका" को अपने दैनिक समाचार पत्र व "रॉयल पत्रिका" डिजिटल के लिए रिपोर्टर, स्क्रिप्ट राईटर, डी टी पी ऑपरेटर और हॉकर्स (अखबार बांटने वाले) की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें -
संपादक, रॉयल पत्रिका,
मस्जिद शेखान के सामने, घोड़ा निकास रोड,
रामगंज बाज़ार, जयपुर 302002
मोबाइल: 8058969180/9799559096

# "चोपदार ई-लाइब्रेरी" का उद्घाटन हुआ

सूचना

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।



सुलताना/झुंझुनू (रॉयल पत्रिका)। 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर अल-फलाह एकेडमी, डॉ. सलाऊदीन चोपदार फाउण्डेशन के आर्थिक सहयोग से बनाई गई "चोपदार ई-लाइब्रेरी" का उदघाटन फाउंडेशन के निदेशक एवं राजस्थान मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एम डी चोपदार के कर कमलो द्वारा किया गया।

## हाड़ौती एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा किया गया पौधरोपण



बारां (रॉयल पत्रिका)। हाड़ौती एजुकेशनल एंड वेलफेयर एसोसिएशन बारां द्वारा पौधरोपण कर उसके सार संभाल की जिम्मेदारी ली गई। सोसायटी के सेकेट्री सईद अहमद अंसारी ने बताया की हाड़ौती एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के सदर माजिद सलीम के नेतृत्व में कब्रिस्तान आमापीर और सलीम मेंशन पर पोधारोपण कर समय समय पर उसकी देखभाल की जिम्मेदारी आपस में बांटी गई। इस दौरान सदर माजिद सलीम, सेकेट्री सईद अहमद, खजांची एडवोकेट रईस हाशमी सहारा, मास्टर मोहम्मद दिलावर, मास्टर अमीर मोहम्मद, मुन्ना भाई टेलर, अमीन अंसारी, आसिफ अंसारी, मोहम्मद शरीफ, इकबाल नेता, फारूक मोहम्मद, रहमान भाई, सलीम भाई डिस्क आदि मौजूद रहे।

## बांग्लादेश मामले को लेकर नागौर में प्रदर्शन



नागौर (रॉयल पत्रिका) । नागौर में बांग्लादेश मामले को लेकर विभिन्न हिंदू संगठनों ने शिवबाड़ी स्थित शानेश्वर महादेव मंदिर से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली। इसमें हिंदू धर्म के सर्वसमाज के लोग शामिल हुए। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता भी शामिल हुए। सभी ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। रैली में शामिल लोगों ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। रैली में महिलाएं भी शामिल हुईं।

रैली में शामिल लोगों ने जिला कलक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर कहा कि बांग्लादेश में सरकार का तख्ता पलट होने के बाद से लगातार हिंदुओं पर अत्याचार की खबरें सामने आ रही हैं। जब भारत में सभी धर्म और समाज के लोग सहजता से मिल-जुलकर रहते हैं तो हिंदुओं पर जुल्म भी नहीं सहेंगे चाहे वो विश्व के किसी भी कोने में हो। रैली में शामिल लोगों ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के खिलाफ नारे लगाने के साथ ही भारत में शरणार्थी रोहिंग्यों को भारत छोड़ने संबंधी नारेबाजी भी की। विरोध प्रदर्शन में सभापति मीतू बोथरा, पूर्व विधायक मोहनराम चौधरी, भाजपा नेता रेवंतराम डांगा, भाजपा जिलाध्यक्ष रामनिवास सांखला, पूर्व प्रदेश महामंत्री सरोज प्रजापत, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश सैन, भाजपा नेता घनश्याम सदावत, मनीष शर्मा समेत कई लोग शामिल हुए।

## मुस्लिम महासभा की हुई बैठक रिहाना बनी जिलाध्यक्ष अध्यक्ष



चूरू/सादुलपुर (रॉयल पत्रिका) । जिला मुख्यालय के सादुलपुर शहर में मुस्लिम महासभा की बैठक शाम को मदीना मार्किट पर मोजूद हमारी ख्वाइस एनजीओ में हुई । महा सभा के प्रदेसा उपाध्यक्ष यूनुस पठान तारानगर का माल्यर्पण कर अभिनदन व स्वागत किया । इस दौरान मुस्लिम महा सभा के परदेस उपाध्यक्ष यूनस पठान ने सर्व सहमति से सादुलपुर की रिहाना पठान को मुस्लिम महासभा की जिला अध्यक्ष नियुक्त किया । जिसका उपस्थित लोगो ने ताली बजाकर व गुलदस्ता भेट कर अभिनदन किया ।

इस अवसर पर यूनस पठान ने कहा कि महासभा का उद्देश्य गरीबों, मजलूमों और बेसहाराओं की सेवा करना है। जिसका महासभा पूरी निष्ठा से पालन कर रही है। मुस्लिम महासभा का गठन ही समाज के निचले स्तर के लोगों की सेवा के लिए हुआ है। हमे पूरा विश्वास है कि रिहाना पठान को महासभा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है वह यह जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और लगन से निभाएंगे। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष रिहाना ने कहा कि संगठन ने हमे जो जिम्मेदारी दी है हम उसका पूरी मेहनत और लगन से निर्वाहन करेंगे।महासभा का सबसे बड़ा काम यह रहेगा अपनी कॉम को शिक्षा की धारा से जोड़ेंगे इस अवसर पर अब्दुल मलिक खत्री, अब्दुल जब्बार ,नफीस खान, मुबारक मिर्जा ,सद्दाम मोहम्मद, कलसूम ,आमिना ,रोशनी, रुकसाना ,आदि उपस्थित रहे। रिहाना पठान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया ने किया ध्वजारोहण

### -13 अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्मानित

बारां (रॉयल पत्रिका)। भारत देश का 78वां गणतंत्र दिवस जिला परिषद बारां में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान ग्रामीण विकास जिला परिषद बारां कार्यालय पर जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।



एवं पंचायतराज विभाग के 13 अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा बेहतर सेवाएं प्रदान किए जाने पर उनका जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया द्वारा प्रषस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान जिला परिषद के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने भी सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना दी।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्रीमती भाया ने इस अवसर पर कहा कि आज हम 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए यहां पर एकत्रित हुए है। 15 अगस्त 1947 भारत देश के लिए वह ऐतिहासिक दिन है जब देश को ब्रिटिश राज से मुक्ति मिली थी। यह दिन हमें उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान में सिर झुकाने का अवसर देता है, जिन्होनें भारत देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों का बलिदान दिया था।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बुलंद दरवाजा बना आकर्षण का केंद्र

नागौर (रॉयल पत्रिका) । स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नागौर सहित जिले भर में कई कार्यक्रम आयोजित हुए, कहीं सरकारी इमारतों पर सजावट की गई तो कहीं लोगों ने अपने घरों को भी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सजाया । लेकिन इन सबके बीच नागौर की सूफी हमीदुद्दीन नागौरी की दरगाह का बुलंद दरवाजा आकर्षण का केंद्र बन गया। वजह ये रही कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर दरगाह कमेटी ने दरगाह के ऐतिहासिक बुलंद दरवाजे को देश के झंडे के तीन रंगों केसरिया, सफेद और हरे रंग की लाइट से सजावट कराई । तीन रंगों में रंगा बुलंद दरवाजा देखने में बेहद सुंदर नजर आया और जिसने भी इस बारे में सुना, वही बुलंद दरवाजा को देखने, दरगाह तक दौड़ा चला आया। दरगाह कमेटी के मेंबर आरिफ गौरी ने बताया कि कमेटी सदर शमशेर खान ने इस बार यौम ए आजादी के मौके पर दरगाह पर सजावट कराने का प्रस्ताव रखा, जिसकी सभी कमेटी सदस्यों ने सराहना की, इसके बाद बुलंद दरवाजे पर देश के झंडे की तरह तीन रंगों से सजावट कराई



गई । स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गुरुवार को दरवाजे पर कमेटी सदस्यों की ओर से झंडारोहण भी किया गया ।

## डॉ. मजीद मलिक कमांडो ने मनाया अनोखे अंदाज में अपना जन्मदिन

### -जन्मदिन पर 200 पोधे लगाकर पर्यावरण के महत्व को समझाया

किशनगंज (रॉयल पत्रिका) । भारतमाता कॉलेज के चेयरमैन व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.मजीद मलिक कमांडो ने अपना जन्मदिवस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत कॉलेज प्रांगण में लगभग 200 पौधे छात्र छात्राओं को भेंट करके उनके हाथों से लगवाए साथ ही सभी पौधा लगाने वाले विद्यार्थियों को शपथ दिलाई की उनके द्वारा लगाए गए पौधों की वह देखभाल करेंगे और अगले साल इन पौधों का जन्मदिन भी मनाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने संकल्प लिया कि वह हर साल अपने जन्मदिवस पर पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए कॉलेज परिसर के साथ साथ राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य मार्गों पर भी वृक्षारोपण करेंगे। इसके साथ नव प्रवेशित बी.एड छात्र छात्राओं को राष्ट्रप्रेम व देशभक्ति का पाठ पढ़ाया।इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष फारूक राणा, किशनगंज थाना प्रभारी विनोद कुमार मीणा, विद्या भारती के जिला संयोजक प्रमोद राठौर, भाजपा जिला खेल प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ.अरमान मलिक, सरपंच पुरुषोत्तम मीणा, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका मांगरोल प्रहलाद सिंह, सरपंच संघ के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान, डॉ मूलचंद शर्मा,



हेमराज नायक, रिया सक्सेना, निधि गौतम, तौफीक अंसारी व सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने डॉ मजीद मलिक कमांडो को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

## मदरसा पीर की जाल में झण्डारोहण कर आजादी के दिवानों की याद दिलाई



सांचौर (रॉयल पत्रिका) । जिला मुख्यालय से मात्र 7 किमी. की दूरी पर स्थित मदरसा दारुल उलूम फैजे सरवरी उच्च प्राथमिक विद्यालय पीर की जाल, प्रतापपुरा में 15 अगस्त को 78 वें स्वतंत्रता दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर झण्डारोहण कार्यक्रम के अध्यक्ष नाजिमें आला खलीफा मोहम्मद बक्ष, मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस नेता एवं पूर्व सरपंच गौरव सारण एवं विशिष्ट अतिथि जाल मोहम्मदशाह, बंटीबन्न झेरडीया, अल्लाबक्ष शाह ने ध्वजारोहण करे परेड की सलामी ली। मदरसा के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तृत किये। मुख्य अतिथि गौरव सारण ने मदरसे में अपनी और से हर संभव मदद करने की बात कही। और मदरसा परिवार की ओर से किये जा रहे बेहतर प्रबंधन की सराहना की। मदरसा के सदर मुदर्रिस मौलाना हाजी ईस्माईल साहब अकबरी ने आजादी के दिवानों की याद दिलाई। नाजिमें आला खलीफा मोहम्मद बक्ष ने आए हुए तमाम मेहमानों का और भामाशाओं का शुक्रियां अदा किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक हुसैन खॉ ने किया। बच्चों के पारितोषिक इनाम की व्यवस्था अनवर खाँ नोहरा, सदीक खॉ सिकवाड़ा, आसीफ खॉ, सिकन्दर खॉ हाडेतर ने की, जलपान सुल्तानशाह एवं भुपतलाल खत्री सांचौर की और से मिठाई की व्यवस्था की गई। इस मौके पर मौलाना हाशम साहब अकबरी, जलालशाह गरडाली, खादीम सरवरशाह शाह, भीखुशाह, सिकन्दरशाह, अजीमशाह, मेहबुबशाह, मौलाना मीर मोहम्मद गुलजारी, मौलाना अब्दुल सतार, कारी मुबारक हुसैन सरवरी... नबी बक्स, अध्यापक रमेश खॉ, अध्यापक रूस्तम खॉ, सुल्तानशाह, हुसैन खॉ तावीदर, थानाराम मेघवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## गुरु इलेक्ट्रॉनिक ने अपने नए प्रतिष्ठान में किया उद्घाटन समारोह

**एम ए पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका) । जिला मुख्यालय पर डॉ मुमताज अस्पताल के पास नई सड़क स्थित गुरु इलेक्ट्रॉनिक ने किया नए प्रतिष्ठान का उद्‌घाटन शहर काजी मौलाना अहमद अली शाह द्वारा दुआ की गई। गुरु इलेक्ट्रॉनिक के मालिक मोहम्मद रईस भाई ने बताया कि यहां पर इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स की रिपेयर की जाती है और नए आइटम की बिक्री की जाती है। जेसे एलईडी - टीवी आदि। काफी संख्या में शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे। हारून गोरी,डॉ जाकिर,मोहम्मद अली पठान, महेंद्र टकणेत, मकसुद जी मास्टर ,मोहम्मद रफीक, सैयद आरिफ कमाल, रमजान पठान, असलम पठान, इमरान खान, जितेश सोनी, आदि मोहम्मद रईस भाई ने सभी का आभार जताया।



## इंजि. इंसाफ आजाद द्वारा रक्तदान शिविर में शिरकत कर रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया

कोटा (रॉयल पत्रिका)। इंजि. इंसाफ आजाद के निजी सचिव हरीश कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि स्वतंत्रता ट्राफी आदि प्रदान की जाकर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया।

इंजि. इन्साफ आजाद ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में शहर काजी




दिवस के अवसर पर मरहूम शबाब पठान खोखर की स्मृति में टीम शबाब पठान नोताडा द्वारा ग्राम नोताडा तहसील दीगोद जिला कोटा राजस्थान में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे इंजि0 इन्साफ आजाद ने शिरकत कर रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र एवं कोटा जुबैर अहमद, समाज सेवी मोहम्मद रिजवान खान, पीसीसी सदस्य यशवंत चौधरी साहब, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अब्दुल सलाम (कंवरपुरा), अब्दुल फरीद, जहीर अहमद (डॉ.मौला) सहित आदि गणमान्य व्यक्तियों ने उक्त कार्यक्रम में शिरकत की।

## भवानीमंडी पुलिस की नाक के नीचे सट्टे का अवैध कारोबार

**फिरोज खान वारसी**

झालावाड़ (रॉयल पत्रिका) । भवानीमंडी व पचपहाड़ क्षेत्र में अब लगातार कई दिनों से सट्टे का कारोबार खुलेआम संचालित होने लगा है।

सोशल मीडिया पर जिसका एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो को लेकर रॉयल पत्रिका के झालावाड़ जिला संवाददाता ने कई लोगों से बात भी की। सूत्र बताते हैं कई खाईवाल जगह-जगह अपने अपने एजेंटों के माध्यम से खुलेआम इस काम को अंजाम दे रहे हैं, लेकिन पुलिस आखें मूंदे हुए हैं, ये काला धंधा वैसे तो शहर के कई क्षेत्रों में चल रहा है। लेकिन पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ रख कर बैठी है। आपको बता दे सट्टा खेलने वालों की भीड़ लगी रहती है। पुलिस को सूचना होते हुए भी पुलिस नहीं पहुंच पाती है।

इस खेल में कई लोग लाखों रुपए की राशि हार कर बर्बाद हो चुके हैं। हैरानी की बात तो यह है कि पहले यह खेल चोरी छुपे होता था और अब सट्टे का खेल खिलाने वालों के हौसले बुलंद हो गए हैं।

## चमत्कारी कछुआ देकर लाखों रुपए की ठगी करने के आरोपी गिरफ्तार

**मोहम्मद रफीक**



थांवला/नागौर (रॉयल पत्रिका) । थांवला वाली गैंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गैंग के दो सदस्यों को ठगी की वारदात करने से पहले ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों ही आरोपियों को भैंरुन्दा से पकड़ा है। साथ ही परिवहन के लिए काम में ली जा रही एक स्कॉर्पियो गाड़ी और दो लाख रुपए की नकदी भी बरामद की गई है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चमत्कारी कछुआ देकर ठगी करने की कई वारदातें स्वीकार की हैं। हालांकि पुलिस अभी भी आरोपियों से गहन पूछताछ कर इस पूरे मामले की इंवेस्टिगेशन में जुटी है।

थांवला थानाधिकारी सूरजमल ने बताया कि यह पूरी कार्रवाई मेड़ता डीएसटी और थांवला थाना पुलिस की ओर से की गई है। इस मामले में पुलिस ने डीडवाना-कुचामन जिले के कुचामन पुलिस थाना क्षेत्र के पदमपुरा स्थित राजावता की ढाणी निवासी आरोपी कानाराम (35) पुत्र जगदीश बागरिया और डीडवाना-कुचामन जिले के कुचामन पुलिस थाना क्षेत्र के नारायणपुरा निवासी कमल कुमार (38) पुत्र सुवालाल जाट को गिरफ्तार किया है। बीती देर शाम तक पुलिस की ओर से गिरफ्तारी की कार्रवाई जारी रही। डीएसटी टीम मेड़ता सिटी को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि कुछ लोग एक स्कॉर्पियो गाड़ी से पुलिस थाना थांवला या पादू कलां के आस-पास चमत्कारी कछुआ दिखाकर ठगी की वारदात करने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना मिलने पर डीएसटी टीम मय पुलिस थाना थांवला टीम मौके के लिए रवाना हो गई। इस दौरान भैरुन्दा में एक स्कॉर्पियो में ठगी की वारदात करने की फिराक में घूम रहे दो आरोपी कानाराम व कमल कुमार को धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से स्कॉर्पियो गाड़ी और 2 लाख रुपए भी बरामद किए हैं। फिलहाल प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने चमत्कारी कछुआ दिखाकर ठगी की कई वारदात करना स्वीकार किया है। साथ ही पुलिस को यह भी बताया है कि हमारी टीम में 8 से 10 लोग शामिल हैं। अब पुलिस इस पूरे मामले की इंवेस्टिगेशन में जुटी हुई है।

## मुफ्ती अख़्तर हुसैन कादरी का सालाना 24 वां उर्स संपन्न



कोटा (रॉयल पत्रिका)। मुफ्ती अख्तर हुसैन कादरी का सालाना (24 वां) उर्स 17 अगस्त को मुफ्ती ए मिल्लत आयोजित हुआ। कोटा विज्ञान नगर स्थित दारुल उलूम रजा ए मुस्तफा संस्था में खिदमत अंजाम देने वाले मुफ्ती अख़्तर हुसैन का उर्स मुफ्ती ए मिल्लत बड़े अकीदत के साथ सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ। उर्स में हाड़ौती संभाग से मस्जिद, मदरसा के ईमाम, आलिम, कारी, हाफिज, खानकाह के सूफी हजरात व सैकड़ों अकीदतमंदों ने शिरकत की। मुफ्ती शमीम अशरफ रजवी ने बताया कि मुख्य वक्ता बरैली के मौलाना जिकरुल्लाह मक्की ने हदीस की रोशनी में तकरीर की जिसको सभी ने बहुत सराहा मुफ्ती ए मिल्लत की खिदमत का बखान किया उर्स में समाज के खिदमत गुजारो की दस्तरबंदी की गई और मुल्क में अमन चैन की दुआ की।

## रिलायबल पब्लिक स्कूल में प्रतिभाओं को सम्मानित किया

सुकेत (रॉयल पत्रिका) । सुकेत कस्बे के रिलायबल पब्लिक स्कूल में 78 वा स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लाह से मनाया गया। संस्था में प्रोग्राम की शुरुआत संस्था अध्यक्ष जरीफ अहमद ने ध्वजारोहण कर की। इस प्रोग्राम में संस्था के होनहार और प्रतिभावान विद्यार्थियों ने देशभक्ति के गीत सुनकर और देश हित में भाषण देकर विद्यालय प्रांगण में बैठे सभी अभिभावकों को देश प्रेम का एक संदेश दिया। साथ ही विद्यालय की कम्प्यूटर शिक्षिका जिया खान द्वारा बेटियों को साक्षर करने और कंप्यूटर शिक्षा के लिए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने मोटिवेशनल भाषण में देश और राज्य को वृक्ष लगाकर हरा भरा बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।संस्था अध्यक्ष ने कार्यक्रम में देश सर्वोपरि को अपने विद्यार्थियों के मन मे उतारने को कहा।उन्होंने अपने भाषण में कहा कि हमारे लिए देश का हित सबसे पहले होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में संस्था सचिव और संस्था अध्यक्ष के साथ वरिष्ठ अध्यापक ने सभी विद्यार्थियों जिन्होंने कार्यक्रम में भाग लिया सभी को मेडल पहनकर और शील्ड देकर सम्मानित किया।

Happy Independence Day

Best Wishes from

ASI INDUSTRIES LIMITED

ASI Industries Limited

(Formerly known as Associated Stone Industries (Kotah) Ltd.)

Producers & Exporters of

KOTAH STONE and SAND STONE

Regd. & Corporate Office:
Marathon Innova, A Wing, 7th floor,
Off Ganpatrao Kadam Marg, Lower Parel,
Mumbai-400013 (Mah.)
Tel: 22-40896100, 40896105
Email: info@asigroup.co.in,
web: www.asigroup.co.in

Mines & Works:
ASI House, Kudayala Industrial Area,
Ramganjmandi-326519
Dist: Kota, Rajasthan
Contact - +91-9261815111
Email: sales@asigroup.co.in,
mail@asigroup.co.in

Building from a Solid Foundation

# हिंदुस्तान जिंक को सस्टेनेबल प्रेक्टिस के लिए भारतीय खान ब्यूरो से 5-स्टार रेटिंग

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। । भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जस्ता उत्पादक हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को भारतीय खान ब्यूरो ने फाइव स्टार रेटिंग का सर्वोच्च सम्मान प्रदान किया है। कंपनी ने स्टार रेटिंग सिस्टम के आधार पर वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान सस्टेनेबल डेवलपमेंट फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन में अपने अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए यह सम्मान अर्जित किया। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान भारतीय खान ब्यूरो द्वारा 1200 से अधिक खदानों का मूल्यांकन कर 68 को 5-स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया। देश भर में 68 खदानों में से हिंदुस्तान जिंक की रामपुरा आगुचा और सिंदेसर खुर्द खदानें 5-स्टार रेटिंग प्राप्त करने वाली एकमात्र पूर्ण मेकेनाइज्ड भूमिगत खदानें हैं। प्रभाव संचालित उद्योग के रूप में, हिंदुस्तान जिंक सस्टेनेबल और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए जिंक सिटी में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्लांट, ड्राई टेलिंग प्लांट और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसी नवीन तकनीकों को लागू किया गया है। कंपनी भूजल पुनर्भरण संरचनाओं को भी नियोजित करती है और इसका लक्ष्य हरित ऊर्जा के माध्यम से अपनी ऊर्जा जरूरतों का 50 प्रतिशत से अधिक पूरा करना है, जिससे उत्सर्जन में 2.7 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन की कमी आती है। बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन और वैकल्पिक ईंधन आधारित समाधान पर्यावरणीय स्थिरता को और बढ़ाते हैं। हिंदुस्तान जिंक ने 7 विषयगत क्षेत्रों में समग्र सामुदायिक विकास सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपनाई है, जिसमें नंद घर और शिक्षा संबल जैसी शिक्षा परियोजनाएं, समाधान और जिंक कौशल जैसे सतत आजीविका कार्यक्रम, सखी जैसी महिला सशक्तिकरण पहल, सामुदायिक संपत्ति निर्माण, स्वास्थ्य, जल और स्वच्छता, खेल और संस्कृति



संरक्षण, और पर्यावरण और सुरक्षा शामिल हैं। इन सीएसआर पहलों के माध्यम से, हिंदुस्तान जिंक 3,685 गांवों में 1.9 मिलियन से अधिक लोगों को लाभान्तिव किया है, जो ईएसजी और सीएसआर प्रयासों के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। अपने व्यापक दृष्टिकोण और वेदांता के स्थिरता ढांचे के साथ संरेखित, कंपनी रणनीतिक रूप से अपने कार्बन फुटप्रिंट कम करने और ऑफसेट के दो-आयामी दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करती है। अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के लिए, हिंदुस्तान जिंक अपने ऊर्जा उपयोग में रिन्यूएबल एनर्जी की मात्रा बढ़ा रहा है और अपनी परिचालन दक्षता में सुधार कर रहा है।

5-स्टार रेटिंग हिंदुस्तान जिंक की सस्टेनेबल परिचालन, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है यह प्रतिष्ठित पुरस्कार खनन कार्यों में सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने के लिए कंपनी के समर्पण और पर्यावरणीय स्थिरता और सामाजिक जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए इसके सक्रिय दृष्टिकोण को उजागर करता है। 5-स्टार रेटिंग पुरस्कार को दो-स्तरीय प्रणाली के रूप में स्थापित किया गया है, जो भारतीय खान ब्यूरो के माध्यम से स्व-मूल्यांकन टेम्पलेट और सत्यापन प्रदान करता है। प्रत्येक मॉड्यूल में सतत विकास ढांचे (एसडीएफ) के तहत गतिविधियों के प्रस्ताव शामिल हैं। आईबीएम की स्टार रेटिंग प्रणाली उन खनन कंपनियों के प्रयासों को मान्यता देने के लिए डिजाइन की गई है जो वैधानिक अनुपालन से परे हैं, सतत विकास, कुशल संसाधन उपयोग और सामुदायिक जुड़ाव पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मूल्यांकन के आधार पर, हिंदुस्तान जिंक की रामपुरा आगुचा और सिंदरसर खुर्द खदान को 90 प्रतिशत से अधिक के स्कोर के साथ 5-स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया।

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड विश्व की दूसरी सबसे बड़ी जस्ता उत्पादक और तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक है। कंपनी 40 से अधिक देशों को आपूर्ति करती है और भारत में प्राथमिक जिंक बाजार में लगभग 75 प्रतिशत हिस्सेदारी रखती है। हिंदुस्तान जिंक एक प्रमाणित 2.41 गुना वाटर-पॉजिटिव कंपनी भी है एवं 2050 या उससे पहले नेट जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। हाल ही में हिंदुस्तान जिंक ने इकोजेन एशिया का पहला कम कार्बन ग्रीन जिंक ब्रांड भी लॉन्च किया है। नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग से उत्पादित, इकोजेन का कार्बन फुटप्रिंट प्रति टन जस्ता के उत्पादन में 1 टन से भी कम कार्बन समतुल्य है, जो वैश्विक औसत से लगभग 75 प्रतिशत कम है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ का अपने गृह जिले में अभूतपूर्व स्वागत

## शहर में पग-पग पर फूल मालाओं से लादा

पाली (रॉयल पत्रिका) । भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के शुक्रवार को पाली आने पर समूचे भाजपाइयों ने उनको पलकों पर बिठा दिया। 100 से अधिक वाहनों के लाव लश्कर के साथ पहुंचे राठौड़ के स्वागत का सिलसिला पाली जिले की सीमा सेंदड़ा से शुरू हुआ, जो सिरोही सीमा के सुमेरपुर तक अनवरत रूप से चलता रहा। पाली शहर में तो उनके खेर मक़दम में समूचा शहर उमड़ पड़ा। पग _पग पर उनके स्वागत करने के लिए लोग मौजूद रहे । इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे ने मस्तान बाबा की दरगाह के पास स्वागत किया। स्वागत प्रोग्राम में अजीज कोहिनूर, जाहिर मकरानी, वसीम रमजान खोखर, सलीम डैडी, आरिफ सहित कई लोग मौजूद रहे । इस मौके पर हैदर कॉलोनी के लोगों ने पुल व सड़क निर्माण के लिए ज्ञापन दिया। इस पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने आश्वासन दिया कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

पहली बार राठौड़ भी अपने स्वागत से अभिभूत हो गए।

राठौड़ ने दावा किया कि आने वाली प्रदेश की 6 सीटों के उप चुनाव में सभी सीट भाजपा जीतेगी। उन्होंने दोहराया कि संगठन को मजबूती देना मेरी पहली प्राथमिकता है।

4 महीने में ही राज्य सभा के बाद प्रदेश में भाजपा के सुप्रीमो पद से नवाजे गए मदन राठौड़ के स्वागत में भाजपा कार्यकर्ता से लेकर नेता और जनप्रतिनिधि में जोरदार जोश देख गया। सांसद पीपी चौधरी से लेकर जिले के विधायकों, पंचायतराज तथा नगरीय निकायों से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ पहुंचे कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। अपने चहेते नेता का जगह-जगह पर ढोल नगाड़ा के साथ साफा व माला पहनते हुए गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। बता दें कि लोकसभा चुनाव के बाद संगठन द्वारा मदन राठौड़ को प्रदेश अध्यक्ष पद की



कमान सौंपी गई है। उसके बाद पहली बार अपने गृह जिले एक दिवसीय दौरे में पहुंचे। राठौड़ ने बताया कि संगठन ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है उसे मैं पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा। प्रदेश में होने वाले उपचुनाव में सभी की सभी सीटें पार्टी के पक्ष में जाएगी। मेरी पहली प्राथमिकता छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संगठन को मजबूत करने को रहेगी।

# हर साल की तरह इस साल भी जोधाणा मंच द्वारा धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## -तिरंगा चिन्ह वितरण और अतिथि सम्मान समारोह आयोजित किया

जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। नवीन जोधाणा जागरुक मंच संस्थान के संस्थापक साजिद खान ने बताया कि संस्था द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राजीव गांधी स्टैचू के पास 11000 तिरंगा चिन्ह वितरण और अतिथि सम्मान समारोह आयोजित किया एवं आते



जाते राहगीरों को लड् बांट 78 वां स्वतंत्रता दिवस को मुबारकबाद दी मंच संचालन सिराजुद्दीन और आसिफ नूरी ने किया।

अतिथियों को किया सम्मान इरफान कुरैशी ने बताया कि इस मौके पर जिलाध्यक्ष अध्यक्ष सलीम खान, विधायक अतुल भंसाली जी, अरविंद गहलोत, नूरुद्दीन, रशीद अंसारी, मोहम्मद आसिफ सिंधी, इंसाफ अली भाईजान, मोहम्मद जावेद, धनपत गुर्जर, विजय जी, हैदर अली, शकील पठान, मोहम्मद हमिद, सदाकतउल्लाह खान आदि को सम्मानित किया।

प्रोग्राम के अंत में अध्यक्ष इमरान कुरेशी ने सबका धन्यवाद दिया अकरम सांखला और शकील अहमद ने बताया कि जोधाणा जागरूक मंच संस्थान के तमाम सदस्य साजिद खान, मोहम्मद इरफान कुरैशी, नसीम अली, इमरान कुरैशी, शकील अहमद, राजु खान, हैदर अली, सिराजुद्दीन, आरिफ राठौड़, नेक मोहम्मद, इफ्तिखार खान, मोहम्मद यासीन, शौकत कुरैशी, अकरम सांखला, युसूफ लोहानी, आसिफ कुरेशी, साजिद इंजीनियर, शाहरुख खान, सोहेल, उस्मान कुरैशी, अशफाक, मोहम्मद सनवर, मोहम्मद सलीम, बादशाह खान, मोहम्मद यासीन अंसारी, मोहम्मद इमरान, आसिफ नुरी, मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद शाकिर, अराफात पठान, नईम खान, उस्मान, इमरान सोलंकी, मोहम्मद समीर आदि उपस्थित थे।

# मछली का कांटा बना गले की फांस, एंडोस्कोपी से बची जान

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल उदयपुर सभी चिकित्सकीय सुविधाओं से परिपूर्ण है। यहां निरंतर रूप से जटिल से जटिल उपचार व ऑपरेशन कर रोगियों को स्वस्थ्य जीवन दिया जा रहा है। गीतांजली हॉस्पिटल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग से डॉ पंकज गुप्ता,डॉ धवल व्यास, डॉ मनीष दोडमानी के अथक प्रयासों से एक 20 वर्षीय रोगी को स्वस्थ जीवन प्रदान किया गया ।



विस्तृत जानकारी:

डॉ पंकज ने बताया कि रोगी 20 वर्षीय रोगी दोस्तों के साथ घूमने गया वहां जाकर फिशिंग की और मछली को पका कर खाया, मछली को खाते ही रोगी का गला चोक हो गया उसको स्थानीय हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। रोगी के स्पाइनल कार्ड और भोजन नली के मध्य लगभग 20 मिलीलीटर पस इकट्ठा हो गया था। भोजननली में 5 सेंटीमीटर लम्बा सुई के जैसा तीखा मछली का कांटा था। रोगी को गीतांजली हॉस्पिटल आने पर ईएनटी विभाग में दिखाया गया चूँकि रोगी एक युवक था उसका ऑपरेशन किये बिना इस कांटे को बाहर निकलने का प्रयास करने के लिए डॉ नितिन शर्मा ने रोगी को गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ पंकज गुप्ता को रेफेर किया चूँकि गीतांजली हॉस्पिटल में आने वाले प्रत्येक रोगी का मल्टीडिसिप्लिनरी अप्र्रोच के साथ इलाज किया जाता है।

गैस्ट्रोएंटरोलॉजी टीम के द्वारा रोगी की एंडोस्कोपी की गयी व नुकीले कांटे को बाहर निकाल दिया गया। रोगी अब पूर्णतया स्वस्थ है सामान्य तरह से खा पी रहा है।

# मामाजी का थान विद्यालय में हुआ ध्वजारोहण


जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। आजादी के 78वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मामाजी का थान स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक शौकत अली लोहिया की अध्यक्षता में भीमाराम पटेल, एसएमसी अध्यक्ष जैताराम, गोपाल सिंह राजपुरोहित व वार्डपंच रमेष पटेल द्वारा बुद्धाराम, उदाराम, विरदाराम, भगाराम, पुरखाराम, भींयाराम, पुसाराम, तुलसाराम, छोगाराम, चैनाराम, गोपाराम, आदुराम, देवाराम, झुमरराम, पेमाराम, जुगताराम, भंवराराम, नारायणराम, खीमाराम, सुखदेव, राकेष, सुरेष, कैलाष, अर्जुन, अरविन्द पटेल, मीमादेवी, तुलसी देवी, शांति देवी, सीता देवी, विमला देवी, मांगीदेवी, सुजीदेवी, खेतादेवी, मापु देवी, मनीषा, उर्मिला, विमला, निरमा व ग्रामवासियों की उपस्थित में ध्वजारोहण किया गया। प्रधानाध्यापक शौकत अली लोहिया ने बताया कि ध्वजारोहण समारोह में राष्ट्रगान "जन, गण, मन अधिनायक जय है" के साथ विद्यालय छात्र-छात्राओं ने पीटी, व्यायाम के साथ देष-प्रेम के गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी ग्रामवासियों का दिल जीत लिया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों, भामाशाहों व विद्यालय परिवार की ओर से छात्र-छात्राओं व समस्त ग्रामवासियों को फ्रुट, मिष्ठान लड् व विभिन्न प्रकार की टॉफियाँ वितरित की गई।












## रकमा की सदस्यता जारी, जल्द ही होंगे चुनाव

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । रकमा के प्रदेशाध्यक्ष जाहिद अली ने बताया कि राज. अधिकारी कर्मचारी माइनॉरिटी ऐसोसिएशन (RAKMA) माइनॉरिटी अधिकारी एवं कमचारियों का एकमात्र लोकतांत्रिक संगठन है।

RAKMA के संविधान की धारा 8 (1) के अनुसार प्रत्येक 2 वर्ष के बाद प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव महासमिति सदस्यों के द्वारा किया जाता है।

महासमिति के सदस्यों का निर्वाचन जिलेवार द्विवार्षिकी सदस्यता प्राप्त सदस्यों के द्वारा किया जाता है।

अतः राजस्थान के सभी जिलों में ऐसासिएशन की सदस्यता प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2024 निश्चित की जाती है। ऐसोसिएशन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सभी अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारियों से गुजारिश है कि अधिक से अधिक संख्या में सदस्यता लेवें।

सदस्यता पूर्व की भांति संघटन की वेबसाइट rakma.org वेबसाइट (rakma.org/register) से ली जा सकती है।

जल्द ही आगामी महासमिति सदस्यों एवं प्रदेशाध्यक्ष के निर्वाचन हेतु संभावित तिथियों की घोषणा कर दी जावेगी।



















मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए डीबी प्रिंट सोल्यूशन्स (यूनिट ऑफ डीबी कॉर्प लि.) 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886, G-mail : royalpatrika@gmail.com, Yahoo : royal_patrika@yahoo.com